इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, शुक्रवार, 06 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 50, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

मध्यप्रदेश में सड़कों का बिछेगा नया जाल

63 हजार करोड़ से बनेंगे 5 नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

मृदुभाषी। भोपाल

भोपाल-ग्वालियर और मंदसौर का सफर होगा आसान

मध्यप्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देने के लिए राज्य सरकार 63 हजार 296 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पांच नए ग्रीनफील्ड कॉरिडोर बनाने की बड़ी तैयारी कर रही है। कुल 1,398 किलोमीटर लंबाई वाले ये सभी कॉरिडोर फोर-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड हाईवे के रूप में विकसित किए जाएंगे। इनके निर्माण से भोपाल से मंदसौर और ग्वालियर के अलावा सागर से सतना, जबलपुर से आशापुर तथा कटनी से सिंगरौली के बीच आवागमन के लिए बिल्कुल नया और सुगम सड़क मार्ग उपलब्ध हो जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीएसडीसी) के संचालक मंडल की 49वीं बैठक में इन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माणाधीन सड़कों के निर्माण में तेजी लाने और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर काम आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रस्तावित पांचों कॉरिडोर में जबलपुर-आशापुर (358 किमी), भोपाल-ग्वालियर (320 किमी), भोपाल-मंदसौर (258 किमी), कटनी-सिंगरौली (235 किमी) और सागर-सतना (227 किमी) शामिल हैं। वर्तमान में भोपाल-मंदसौर, सागर-सतना और जबलपुर-आशापुर कॉरिडोर की फिजिबिलिटी रिपोर्ट डीपीआर कंसल्टेंट द्वारा तैयार की जा रही है, जबकि भोपाल-ग्वालियर और कटनी-सिंगरौली मार्ग के लिए कंसल्टेंट चयन की निविदा प्रक्रिया जारी है। संचालक मंडल ने रिपोर्ट व्यावहारिक पाए जाने पर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने की स्वीकृति दे दी है।



ये होंगे पांच ग्रीनफील्ड कॉरिडोर

प्रस्तावित कॉरिडोर	लंबाई
भोपाल-मंदसौर	258 किमी
सागर-सतना	227 किमी
जबलपुर-आशापुर	358 किमी
भोपाल-ग्वालियर	320 किमी
कटनी-सिंगरौली	235 किमी
कुल	**1398 किमी**

तीन की रिपोर्ट तैयार, दो के लिए कंसल्टेंट की तलाश: परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति देखें तो भोपाल-मंदसौर, सागर-सतना और जबलपुर-आशापुर कॉरिडोर के लिए डीपीआर कंसल्टेंट फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। इन मार्गों के अलग-अलग अलाइनमेंट विकल्प सामने आए हैं। सड़क विकास निगम इनमें से बेहतर विकल्प का चयन करेगा। वहीं भोपाल-ग्वालियर और कटनी-सिंगरौली कॉरिडोर के लिए डीपीआर कंसल्टेंट नियुक्त करने की निविदा प्रक्रिया चल रही है।

राजमार्ग निधि अब विकसित मध्यप्रदेश संकल्प पथ

बैठक में मुख्यमंत्री ने कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी लिए, जिसके तहत राजमार्ग निधि का नाम बदलकर 'विकसित मध्यप्रदेश संकल्प पथ' कर दिया गया है। किसानों को बड़ी राहत देते हुए कृषि कार्यों में प्रयुक्त होने वाले कंबाइन हार्वेस्टर को निगम के टोल प्लाजा पर शुल्क से पूरी तरह छूट देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त जावरा-नयागांव फोरलेन परियोजना में शत-प्रतिशत इक्विटी विनिवेश और निगम में दो मुख्य अभियंता, तीन महाप्रबंधक व पांच उप महाप्रबंधक के नए पदों के सृजन को भी हरी झंडी दी गई। बैठक में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मिडटर्म चुनाव में हार के बाद ट्रम्प पर महाभियोग का संकट

वाशिंगटन। अमेरिका में मिडटर्म चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी ने राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग (इंपीचमेंट) लाने की तैयारी शुरू कर दी है, जिसके माध्यम से उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

न्यूज एजेंसी एपी के अनुसार, डेमोक्रेट्स ने आरोप लगाया है कि ट्रम्प ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने करीबियों को व्यक्तिगत फायदा पहुंचाया और



अकूत संपत्ति जुटाई, जिससे आम जनता के हितों को नुकसान पहुंचा। डेमोक्रेटिक सांसद रॉबर्ट गार्सिया ने स्पष्ट किया है कि वे इस बात की गहन जांच करेंगे कि राष्ट्रपति पद पर रहते हुए ट्रम्प और उनके परिवार की संपत्ति में किस प्रकार वृद्धि हुई। इस जांच का मुख्य केंद्र ट्रम्प के बेटों और उनके दामाद जेरेड कुशनर के व्यावसायिक सौदे रहेंगे। सांसद गार्सिया ने इस जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए पांच प्रमुख मुद्दे तय किए हैं। इनमें ट्रम्प परिवार के संदिग्ध कारोबारी सौदे, कुख्यात जेफ्री एपस्टीन मामले की जांच में ट्रम्प प्रशासन की भूमिका, तथा अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी (ICE) द्वारा की गई छापेमारी और कार्रवाइयों की निष्पक्ष जांच शामिल है। डेमोक्रेट्स के इस कड़े रुख के बाद अमेरिकी राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

गोवा-5 लोगों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने का आदेश

गोवा। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने चुनाव आयोग (ECI) को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के दौरान वोटर लिस्ट से हटाए गए एक परिवार के पांच सदस्यों के नाम दोबारा जोड़ने का आदेश दिया है।

कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि एड्रेस की पुष्टि करने के बाद 10 दिन का समय दिया है। कोर्ट ने ECI की आदेश पर रोक लगाने की मांग भी खारिज कर दी। मामले के मुताबिक परिवार के सदस्यों ने पता बदलने के लिए फॉर्म 8 भरा था, लेकिन SIR में उनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटा दिए गए।

हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी

हरदीप सिंह पुरी निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने गए

भोपाल। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी मध्यप्रदेश से निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुन लिए गए हैं। उनके इस निर्वाचन के साथ ही प्रदेश में राज्यसभा सीटों का संख्या समीकरण पूरी तरह बदल गया है। अब प्रदेश की कुल 11 राज्यसभा सीटों में से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास 9 और कांग्रेस के पास 2 सांसद हो गए हैं।

चुनाव प्रक्रिया के दौरान हरदीप सिंह पुरी के नामांकन में 100 से अधिक कमियां होने का दावा करते



हुए कांग्रेस पार्टी ने कड़ी आपत्तियां दर्ज कराई थीं। कांग्रेस ने उनकी पत्नी के नाम, विदेशी संपत्तियों और बैंक खातों की जानकारी को लेकर सवाल उठाए थे।

धनतेरस 2026

तिथि, पूजा के मुहूर्त



वर्ष 2026 में धनतेरस का पर्व शुक्रवार, 6 नवंबर 2026 को मनाया जाएगा।
तिथि एवं मुख्य समय
कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि प्रारंभ: 6 नवंबर 2026 को सुबह 09:30 बजे से (कुछ पंचांगों के अनुसार सुबह 10:30 बजे से)
त्रयोदशी तिथि समाप्त: 7 नवंबर 2026 को सुबह 10:47 बजे तक

1. पूजा का शुभ मुहूर्त

भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और कुबेर देव की पूजा के लिए शाम का समय सर्वश्रेष्ठ माना गया है।
पूजा का शुभ मुहूर्त: शाम 06:02 बजे से रात 07:57 बजे तक
प्रदोष काल: शाम 05:33 बजे से रात 08:09 बजे तक
वृषभ काल (स्थिर लग्न): शाम 06:02 बजे से रात 07:57 बजे तक
(स्थान एवं स्थानीय पंचांग के अनुसार समय में कुछ मिनटों का अंतर हो सकता है)

फ्रांस में सरकारी कूलिंग सिस्टम हैक

नई दिल्ली। फ्रांस में हैकर्स ने 1 नवंबर की रात ब्लड बैंक के कोल्ड स्टोरेज सिस्टम पर हमला किया। हमलावरों ने फ्रीजर का तापमान माइनस 30 डिग्री सेल्सियस से बढ़ाकर 110 डिग्री सेल्सियस तक करने की कोशिश की। हालांकि, अलार्म सिस्टम ने समय रहते गड़बड़ी पकड़ ली। इससे खून और प्लाज्मा के नमूनों को कोई नुकसान नहीं हुआ। फ्रांस के साप्ताहिक अखबार 'ले कनार आंचेने' ने बुधवार को सबसे पहले इस साइबर हमले की खबर दी थी। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक ब्लड स्टोरेज सिस्टम में प्रवेश करने डिफॉल्ट पासवर्ड का इस्तेमाल किया गया था।

Pok में सेना की फायरिंग, 7 मरे

नई दिल्ली। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) के रावलकोट में गुरुवार को प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने फायरिंग की है। इसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (UKPNP) ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भारी मशीनगनों और ड्रोन से हमला किया। घटना को लेकर अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। PoK में 7 जून से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन बढ़ता जा रहा है।





दीपावली पर बाजार में नया ट्रेंड

'स्मार्ट एस्थेटिक्स' और 'हेल्दी गिफ्टिंग' से सजे बाजार, इको-फ्रेंडली सामानों की धूम

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



इंदौर। दीपावली के आगमन के साथ ही तमाम बाजार रोशनी, रंगों और अभूतपूर्व रौनक से सराबोर हो चुके हैं। इस साल त्योहारी खरीदारी में एक बड़ा और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। पारंपरिक खरीदारी के साथ-साथ अब उपभोक्ता स्मार्ट एस्थेटिक्सस, स्वदेशी हस्तशिल्प और हेल्दी गिफ्टिंग को सबसे अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, घर की सजावट से लेकर गिफ्टिंग और सराफा बाजार तक, इन नए ट्रेंड्स ने ग्राहकों और व्यापारियों दोनों के चेहरे पर चमक बिखेर दी है। इस साल सजावट के मोर्चे पर बड़ा बदलाव आया है। परंपरागत दीयों के साथ-साथ बाजार में इको-फ्रेंडली वॉटर सेंसिंग दीये (जो पानी में जाते ही जल उठते हैं), सेंसर-आधारित एलईडी स्ट्रिप्स, नियॉन लाइट फ्रेम्स और क्रिस्टल लाइटों की भारी मांग है। गुजराती पिक्सल लाइट और लिक्विड-ग्लिटर झालरें भी लोगों को खूब लुभा रही हैं।

इसके अलावा, गिफ्टिंग के तरीके भी बदले हैं। पारंपरिक भारी और चीनी मिठाइयों के बजाय इस बार ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स, रोस्टेड सीड्स, खजूर-अंजीर, हर्बल टी-सेट्स और इको-फ्रेंडली हैंडमेड प्रोडक्ट्स वाले 'हेल्दी हैम्पर्स' की मांग में भारी उछाल आया है। त्वरित डिलीवरी और ऑनलाइन-ऑफलाइन के हाइब्रिड मॉडल ने भी खरीदारी को आसान बना दिया है। वहीं, मिट्टी के नक्काशीदार दीये, गोबर से बने पर्यावरण-अनुकूल दीये और स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए मेटल आर्ट की पूछ-परख राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ गई है।

खरीदारों और व्यापारियों की जुबानी

परिवार के साथ खरीदारी करने निकलीं सुनीता वर्मा का कहना है कि वे घर को मॉडर्न और पारंपरिक दोनों लुक देना चाहती हैं, इसलिए उन्होंने नियॉन लाइटों के साथ मिट्टी के सुंदर दीये भी खरीदे हैं। वहीं युवा अमित राज का मानना है कि सेहत के लिहाज से अब वे मिठाइयों के बजाय सीड्स और ड्राई-फ्रूट मिक्स हैम्पर्स को प्राथमिकता दे रहे हैं। व्यापारी सुरेश शर्मा के अनुसार, इस बार लोग साधारण चीनी लाइटों की बजाय भारतीय कारीगरों की पिक्सल लाइट और वॉटर-सेंसिंग दीये खरीद रहे हैं, जिससे बिक्री अच्छी है। गिफ्ट स्टोर संचालक राकेश जैन बताते हैं कि इस साल ग्राहकों का मुख्य ध्यान 'हेल्थ और प्रेजेंटेशन' पर है, जिसमें शुगर-फ्री मिठाइयां और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सबसे आगे हैं।

बेहतर जीवनशैली की झलक

यह दीपावली केवल सामान की बिक्री का केंद्र नहीं, बल्कि बेहतर जीवनशैली और स्वदेशी कारीगरी का उत्सव बन चुकी है। एस्थेटिक लाइटिंग, हेल्दी गिफ्टिंग और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का यह अनूठा संगम इस त्योहारी सीजन को आर्थिक और सांस्कृतिक दोनों दृष्टिकोणों से बेहद खास बना रहा है।



इंदौर में बढ़ी ठंड की ठिठुरन: 12.7 डिग्री के साथ दर्ज हुई सीजन की सबसे सर्द रात

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव के साथ ही रात के समय ठंड का असर तेजी से बढ़ने लगा है। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात इस सीजन की अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गई। रात का न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री की बड़ी गिरावट के साथ 12.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम है। इस अचानक आई गिरावट के कारण शहरवासियों को नवंबर की शुरूआत में ही कड़ाके की ठंड का अहसास होने लगा है।

पिछले तीन वर्षों के रिकॉर्ड टूटे

पारे में आई इस तेज गिरावट से नवंबर के बीते 10 वर्षों में से 3 साल के न्यूनतम तापमान का रिकॉर्ड टूट गया है। वर्ष 2019 में नवंबर का न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री, 2021 में 13.5 डिग्री और 2023 में 14.6 डिग्री दर्ज किया गया था। इस बार का तापमान इन तीनों वर्षों की तुलना में काफी नीचे गिर गया है। हालांकि, पिछले दशक में 2025 का नवंबर सबसे ठंडा रहा था, जब पारा 6.4 डिग्री तक लुढ़क गया था।

उत्तरी हवाओं का असर और समय से पहले ठंड

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में इंदौर में चल रही उत्तरी और उत्तर-पूर्वी ठंडी हवाओं के कारण तापमान में यह अचानक गिरावट आई है। यदि ये हवाएं लगातार बनी रहती हैं, तो ठंड का यह दौर आगे भी जारी रहेगा, जबकि हवा का रुख बदलने पर पारे में हल्की बढ़ोतरी हो सकती है।

आमतौर पर इंदौर में ऐसी कड़ाके की ठंड 15 से 20 नवंबर के बाद देखने को मिलती है, लेकिन इस बार नवंबर के पहले सप्ताह में ही तापमान गिरने से ठिठुरन बढ़ गई है और लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए हैं।

फाइनेंस कंपनी में टीम लीडर युवती ने की आत्महत्या

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर के मल्हारगंज इलाके से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात तिरुमल कॉलोनी में रहने वाली 22 वर्षीय युवती अंजलि (पिता अतुल माहेश्वरी) ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना रात करीब 1 बजे की बताई जा रही है। मां ने जब बेटी को फंदे पर लटका देखा, तो परिजनों और पड़ोसियों को इसकी सूचना दी। इसके तुरंत बाद उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, अंजलि रात करीब 11 बजे तक अपने परिजनों के साथ नीचे बैठी थी।

इसके बाद वह मां से नींद आने की बात कहकर ऊपर अपने कमरे में सोने चली गई थी। देर रात जब मां उसके कमरे में पहुंची, तो वह फंदे पर लटकी मिली।

मोबाइल पर आते रहे युवक के कॉल और मैसेज

परिजनों का आरोप है कि अंजलि की मौत के बाद भी उसके मोबाइल फोन पर 'विजय वर्मा' नाम के एक युवक के लगातार कॉल और मैसेज आ रहे थे। हालांकि, फोन लॉक होने के कारण परिजन मैसेज पढ़ नहीं सके। परिजनों ने आशंका जताई है कि युवक द्वारा मानसिक प्रताड़ना दिए जाने के कारण ही अंजलि ने यह खौफनाक कदम उठाया है। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मृतका अंजलि एक वाहन फाइनेंस कंपनी में रिकवरी टीम की लीडर के रूप में काम करती थी। उसके परिवार में माता-पिता सिलाई का काम करते हैं और एक भाई है, जो पढ़ाई के साथ निजी कार्य करता है। मल्हारगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मृतिका के मोबाइल पर आए कॉल्स व मैसेज की तकनीकी जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में क्यूआर कोड से मिलेंगी पंचकर्म की जानकारी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



इंदौर। आयुर्वेद की प्राचीन और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति अब आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ कदम ताल मिलाने जा रही है। धन्वंतरि जयंती के पावन अवसर पर इंदौर के शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में एक नई और अनूठी व्यवस्था की शुरूआत होने जा रही है। इसके तहत अब अस्पताल आने वाले मरीजों को ओपीडी पर्ची पर विशेष क्यूआर कोड उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें स्कैन करते ही मरीज पंचकर्म से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं के वीडियो आसानी से देख सकेंगे।

क्यूआर कोड स्कैन कर देख सकेंगे पंचकर्म प्रक्रियाएं

अस्पताल के पंचकर्म विभाग की नई ओपीडी पर्ची पर स्नेहन, स्वेदन, वमन, विरेचन, बस्ति, नस्य और रक्तमोक्षण जैसी प्रमुख पंचकर्म प्रक्रियाओं के अलग-अलग क्यूआर कोड मुद्रित किए गए हैं। मरीज या उनके परिजन जब इन कोड्स को अपने स्मार्टफोन से स्कैन करेंगे, तो वे संबंधित उपचार प्रक्रिया के लाइव वीडियो देख सकेंगे। इस डिजिटल पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि उपचार शुरू होने से पहले ही मरीजों को पूरी प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी मिल सके, जिससे उनके मन में प्रक्रिया को लेकर मौजूद किसी भी प्रकार की आशंका या डर दूर हो सके।

ऑनलाइन दर्ज होगी दिनचर्या और खानपान की जानकारी

ओपीडी पर्ची पर दिए गए दूसरे क्यूआर कोड के माध्यम से मरीज अपना डिजिटल 'हेतु पत्रक' भी भर सकेंगे। इस डिजिटल फॉर्म में मरीजों को अपनी 24 घंटे की दिनचर्या, खानपान (आहार-विहार), पुरानी बीमारियों का इतिहास और मानसिक तनाव से जुड़ी तमाम जरूरी जानकारियां ऑनलाइन दर्ज करनी होंगी। चिकित्सक इन डिजिटल आंकड़ों के आधार पर रोगी के रोग के मूल कारण और रोगोत्पत्ति की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझकर अधिक प्रभावी उपचार तय कर सकेंगे। पंचकर्म विभागाध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार ओझा के अनुसार, इस आधुनिक व्यवस्था से चिकित्सा प्रक्रिया में मरीजों की सहभागिता बढ़ेगी और वे अपने उपचार को बेहतर तरीके से समझ सकेंगे। इस डिजिटल बदलाव से आयुर्वेद चिकित्सा को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

गंभीर घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

इंदौर। खुडैल क्षेत्र में गुरुवार सुबह सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां एक टेंट के पास ग्रामीणों को गंभीर रूप से घायल अवस्था में एक युवक मिला, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के सिर, हाथ और पैर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मानकर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। मृतक की पहचान दीपक (पिता गोपाल), निवासी बरोठा, जिला देवास के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि बुधवार देर रात कुछ लोगों ने दीपक के साथ बेरहमी से मारपीट की थी।

जल बर्बाद करने वालों पर होगी चालानी कार्रवाई

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। शहर में सामान्य से कम वर्षा होने और भू-जल स्तर में लगातार आ रही गिरावट के कारण आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित जल संकट से निपटने के लिए नगर निगम प्रशासन हरकत में आ गया है।

जल की बबार्दी रोकने के उद्देश्य से निगम ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। शुरूआती चरण में नागरिकों को जागरूक और सतर्क किया जा रहा है, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अब चालानी कार्रवाई भी अमल में लाई जा रही है।

वार्ड 32 में औचक निरीक्षण, अपव्यय पर जताई नाराजगी

इसी कड़ी में गुरुवार को वार्ड क्रमांक 32 स्थित रघुनंदन बाग क्षेत्र में एमआईसी सदस्य एवं जनकार्य विभाग प्रभारी राजेंद्र राठौर ने जल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई मकानों के बाहर नलों में टोंटियां न होने से पानी व्यर्थ बहता मिला, वहीं कुछ लोग सड़कों पर पानी बहाते पाए गए। इस स्थिति पर सख्त नाराजगी जताते हुए एमआईसी सदस्य ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को पानी बर्बाद करने वालों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक और चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

वाहन धुलाई और सीधे मोटर पंप लगाने पर रहेगा प्रतिबंध

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नर्मदा जल या बोरिंग के पानी से वाहनों की धुलाई करने तथा मुख्य जल वितरण लाइन में सीधे मोटर पंप लगाकर पानी खींचने वालों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा।

अवैध रूप से मोटर लगाने से आसपास के घरों में जल का दबाव कम हो जाता है, जिससे पूरी वितरण व्यवस्था प्रभावित होती है। निगम की विशेष टीमें अब प्रातःकाल के समय विभिन्न वार्डों में आकस्मिक निरीक्षण करेंगी। पहले चरण में नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति समझाइश दी जा रही है, लेकिन इसके बाद भी यदि कोई बार-बार जल का अपव्यय करता हुआ पाया गया, तो उसका वीडियो साक्ष्य तैयार कर सीधे चालान काटा जाएगा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्री दीपक पिताश्री दिलीप लहासे** पता **6, संजय गाँधी नगर, दक्षिण दिशा वाला भाग, प्रथम मंजिल, इंदौर,** पिन **1004277918**, झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 79। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 21 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्रीमती भारती पतिश्री संजय भालेराव** पता **6, संजय गाँधी नगर, उत्तर दिशा वाला भाग, प्रथम मंजिल, इंदौर,** पिन **1004277918**, झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 79। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 21 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्री ईश्वर पिताश्री जगन्नाथ ठाकरे** पता **6, संजय गाँधी नगर, पैकी दक्षिण दिशा वाला भाग, इंदौर,** पिन **1004277918**, झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 79। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 21 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। विक्रेता **श्री अनिल कुमार कुशवाह** क्रेता **श्रीमती ज्योति पतिश्री भगवानसिंह सिसौदिया** पिन क्र. **1002999841 झोन क्र. 07 वार्ड** क्र. 34। पता **413, सेक्टर-बी, गुलमोहर, इन्दौर डी. एम., रायल अमर ग्रीन, इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो **झोन क्र. 07** के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी (स्कीम नं. 54) झोन क्रमांक 07 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। विक्रेता **श्री शैलेन्द्र पिताश्री दिलीपसिंह पंवार** क्रेता/प्रार्थी **1. पूजा मरेले पतिश्री वैभव, 2. दिलीप पंवार, 3. कृष्णा पंवार** पता **57, गंगा विहार कॉलोनी, लिम्बोदी, इंदौर** , पिन **1001142756** झोन क्र. 13 । इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक **रीना अवधेश (पति आशीष अवधेश) अभिभावक अनुज अवधेश** पता **660, माउण्टबर्ग फेज-2, मुण्डला नायता, इंदौर** , पिन **1003107554** झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 75। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक **श्री कांतिलाल दलाल पिताश्री रखचंद दलाल** पता **351, (ब्लॉक क्र. 10) देवी अहिल्या, इंदौर** , पिन **1001176073** झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक **श्रीमती कोमल शर्मा पतिश्री शुभांकर शर्मा** पता **12-आर, न्यू रानी बाग, लिम्बोदी, इंदौर,** पिन **100114021** झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 78। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 13 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्री सौरभ मरोठी पिताश्री राजेन्द्र मरोठी** पता **प्र.क्र. 202, बीसीएम पेराडाईज, ब्लॉक-ई, (सूर्या), निपानिया, इंदौर,** पिन **9000394767**, झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 36। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 22 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक **श्रीमती स्वाति शिवहरे पतिश्री सुमित शिवहरे** पता **71, साकार सिटी, निपानिया, इंदौर,** पिन **1003125010**, झोन क्र. 22, वार्ड क्र. 36। विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 22 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री आशीष संतोष कदम** वर्तमान संपत्ति धारक/ विक्रेता **श्रीमती मधुबाई पाल** द्वारा **झोन क्रमांक 11** राजस्व विभाग पर **सर्विस क्रमांक 1001072996** पर आवेदन प्रस्तुत कर पता **285, बड़ी ग्वालटोली, इंदौर** के नाम पर दर्ज संपत्ति का नामातंरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्र. 11 (राजमाता सिंधिया स्टेडियम झोन) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 11 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। विक्रेता **श्री महेश चौहान** क्रेता **श्रीमती सपना पतिश्री मनोज अखण्ड** पिन क्र. **1000984552 झोन क्र. 07 वार्ड** क्र. 32। पता **320-ई, स्कीम नं. 78, इन्दौर डी. एम., रायल अमर ग्रीन, इंदौर** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो **झोन क्र. 07** के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी (स्कीम नं. 54) झोन क्रमांक 07 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है। विक्रेता **श्री उदय गुर्जर पुत्र श्री मांगीलाल गुर्जर,** पता **11, महावीर नगर, इन्दौर** पिन **1000850344**, झोन क्र. 01। विक्रेता **गणेश पिताश्री कजोड़ कुमावत** विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में विक्रय पत्र के आधार पर नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदनकर्ता **श्री प्रतीक पाण्डेय पिताश्री टी.एन. पाण्डेय,** पता **19, आर.आर. फिनसिटी, इंदौर,** पिन **1002949206**, झोन क्र. 01। विक्रेता **एकुमल रियलटीज प्रा.लि., इन्दौर** विक्रयपत्र अनुसार इस जाहिर सूचना प्रकाशन **06.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 01 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

झोनल अधिकारी व सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 01 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **श्री लोकेश पिताश्री जगदीश वर्मा द्वारा झोन क्र. 17** राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता **पिन नं. 1000927849** क्रेता का नाम **श्री दिलीप कचनारिया पिताश्री मुरलीधर, श्रीमती रिकू कचनारिया पतिश्री दिलीप कचनारिया** पता **59-ए, सागर विहार कॉलोनी, इन्दौर** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **6.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 17 नगर पालिका निगम इंदौर

अस्पताल पहुंचने से पहले बिगड़ी हालत

एंबुलेंस न मिलने पर कार में जन्मी बच्ची



खिलचीपुर (राजगढ़)। स्वास्थ्य सेवाओं की लचर व्यवस्था और समय पर एंबुलेंस न मिलने के कारण राजगढ़ जिले के परसपुरा गांव में एक गर्भवती महिला और उसके परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एंबुलेंस के इंतजार में पूरी रात प्रसव पीड़ा से तड़पने के बाद जब परिजन महिला को किराए की कार से अस्पताल लेकर आ रहे थे, तभी अस्पताल से महज एक किलोमीटर पहले झालावाड़ नाके के पास कार में ही नवजात बच्ची का जन्म हो गया।

परसपुरा गांव खिलचीपुर से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित है। गांव की रहने वाली 21 वर्षीया विष्णु बाई तंवर को रात में अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। उनके पति 22 वर्षीय मुकेश तंवर व परिजनों ने तुरंत एंबुलेंस सेवा के लिए कॉल किया, लेकिन एंबुलेंस उपलब्ध न होने के कारण उन्हें कोई मदद नहीं मिली। मजबूरी में परिजन ने पूरी रात गांव में ही काटी और महिला दर्द से जूझती रही। अगले दिन सुबह दोबारा फोन करने पर बताया गया कि एंबुलेंस को राजगढ़ से आने में समय लगेगा। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन ने बिना देर किए किराए की कार बुलाई और खिलचीपुर के लिए रवाना हो गए। लेकिन रास्ते में झालावाड़ नाके के पास स्थिति बिगड़ गई और महिला ने कार के भीतर ही एक बच्ची को जन्म दे दिया। इसके बाद परिजन मां और नवजात को लेकर सिविल अस्पताल खिलचीपुर पहुंचे। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने नवजात की स्थिति कमजोर पाकर मां और बेटी दोनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर कर दिया।

कैलारस के हरलाल गांव में मातम

कुंवारी नदी में डूबीं, दो सगी बहनों समेत तीनों की मौत

मृदुभाषी। मुरैना

जिले के कैलारस क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरलाल में गुरुवार को एक हृदयविदारक हादसे ने तीन परिवारों की खुशियां छीन लीं। कार्तिक स्नान के लिए कुंवारी नदी गईं तीन नाबालिग बच्चियों की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो सगी बहनें भी शामिल हैं। एक साथ तीन मासूमों की असमय मौत से पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई और शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह हरलाल गांव की तीन बच्चियां कार्तिक मास के पावन अवसर पर कुंवारी नदी में स्नान करने पहुंची थीं। नहाने के दौरान तीनों बच्चियां अचानक नदी के गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। जब तक आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक तीनों पानी में समा चुकी थीं। सूचना मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और कैलारस थाना पुलिस को तुरंत सूचित किया गया। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ/एनडीआरएफ की टीम ने मौके पर



पहुंचकर नदी में सर्चिंग व रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद तीनों बच्चियों को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के अनुसार हादसे में जान गंवाने वाली बच्चियों की पहचान प्राची यादव (12 वर्ष) पुत्री भारत यादव, चंदा यादव (10 वर्ष) पुत्री भरत यादव और निशि यादव (12 वर्ष) पुत्री भरत यादव के रूप में हुई है, जिनमें प्राची और चंदा सगी बहनें थीं। तीनों बच्चियों के शवों को कैलारस अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है। इस दुखद हादसे ने धार्मिक स्नान के दौरान नदियों व जलाशयों के गहरे पानी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का भाजपा सरकार पर हमला

शहर चमकाने वाले सफाईकर्मियों को मिल रहा है बहुत कम वेतन

मृदुभाषी। भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश के सफाई कर्मचारियों की बदहाल स्थिति, कम वेतन, असुरक्षित रोजगार और नियमितीकरण की मांगों को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित कर राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश में स्वच्छ भारत अभियान की सफलता का श्रेय लेने वाली सरकार शहरों को साफ-सुथरा रखने वाले सफाईकर्मियों को सम्मानजनक वेतन, स्थायी रोजगार और बुनियादी सुरक्षा देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। एक ओर प्रदेश के सफाई कर्मचारी अपने जायज अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर हैं, तो दूसरी ओर सीवर की सफाई के दौरान लगातार हो रही मौतें सरकार की संवेदनहीनता को उजागर कर रही हैं। इस गंभीर मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर सफाई कर्मचारियों की सभी वाजिब मांगों का अविलंब निराकरण करने की मांग की है। उमंग सिंघार ने कर्मचारियों की बदहाली का ब्योरा देते हुए बताया कि भोपाल जैसे बड़े शहर में सफाईकर्मियों से 29 दिन काम कराने के बाद महज 9 हजार रुपये का मामूली वेतन दिया जाता है, जबकि कई अन्य नगरीय निकायों में



तो स्थिति इससे भी बदतर है, जहां 6 हजार से 7 हजार रुपये में कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी भीषण महंगाई के दौर में कोई कर्मचारी इतने कम पैसों में घर का किराया, राशन, बच्चों की पढ़ाई और परिवार के इलाज का खर्च कैसे उठा सकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के प्रयागराज कुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफाई कर्मचारियों के पैर धोकर सम्मान का संदेश दिया था, लेकिन आज वही वाल्मीकि समाज और सफाई कामगार मध्यप्रदेश में अपने अधिकारों के लिए दर-दर भटक रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार के समक्ष चार प्रमुख मांगें रखीं। उन्होंने मांग की कि वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी और विनियमित कर्मचारियों को तत्काल नियमित कर सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारियों के लिए न्यूनतम 25,000 रुपये मासिक वेतन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही शोषण का जरिया बन चुकी ठेकेदारी और आउटसोर्सिंग व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर स्थायी व सुरक्षित रोजगार दिया जाए तथा सेवाकाल में मृत्यु होने पर मृत कर्मचारी के परिवार के एक पात्र सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए। सीवर सफाई के दौरान हो रहे हादसों पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्होंने आंकड़े साझा किए कि जून 2023 से जुलाई 2026 के बीच प्रदेश के ग्वालियर, रीवा, सतना, इंदौर और उज्जैन में सीवर सफाई के दौरान 8 कर्मचारियों की दर्दनाक मौत हुई है और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।


कोर्ट के आदेश का दिया हवाला

सरकार की नीति और नीयत पर सवाल उठाते हुए उमंग सिंघार ने कहा कि 25 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए व्यापक नीति बनाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद 21 सितंबर 2026 को हाईकोर्ट की युगलपीठ ने भी सरकार की अपील खारिज करते हुए नीति दोबारा तैयार करने का आदेश बरकरार रखा। बावजूद इसके सरकार कर्मचारियों को हक देने के बजाय अदालत में उनके खिलाफ केस लड़ रही है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जो कर्मचारी पूरे शहर को स्वच्छ रखते हैं, सरकार को उनके जीवन से गरीबी, शोषण और असुरक्षा दूर कर उन्हें सम्मानजनक भविष्य देना ही होगा।

बुजुर्ग को सपना आया, 3 एकड़ जमीन दान करने की जताई इच्छा

मृदुभाषी। छतरपुर

आज के दौर में जहां लोग संपत्ति और धन-संपदा जुटाने की होड़ में लगे हैं, वहीं छतरपुर जिले में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी 3 एकड़ उपजाऊ जमीन मंदिर निर्माण के लिए समर्पित करने का संकल्प लेकर त्याग की अनूठी मिसाल पेश की है। सटई तहसील के ग्राम कोड़न निवासी गणेश पटेल मंगलवार को कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर पहुंचे। अधिकारियों के समक्ष जब उन्होंने अपनी निजी जमीन मंदिर के नाम करने की इच्छा जाहिर की, तो वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारी और आम लोग भी हैरान रह गए। गणेश पटेल ने अपनी इस अनोखी पहल के पीछे की वजह बताते हुए कहा कि उन्हें रात में एक सपना आया था, जिसके बाद ही उन्होंने अपनी 3 एकड़ जमीन भगवान के नाम समर्पित करने का अटल संकल्प लिया। इसी भावना के तहत वे सुबह छतरपुर पहुंचे और जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया को अपना आवेदन सौंपा। बुजुर्ग ने बताया कि वे अपने बेटों को पहले ही पांच-पांच एकड़ जमीन बांट चुके हैं और अब बची हुई जमीन में से 3 एकड़ भूमि धार्मिक और सामाजिक सरोकार के लिए दान करना चाहते हैं। उन्होंने अपनी मंशा व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज में यह संदेश देना चाहते हैं कि व्यक्ति को निजी संपत्ति से ऊपर उठकर धर्म और समाजहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनका यह निर्णय क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।



Reliance
Growth is Life

स्टोर्स खुलने का समय सुबह 9 बजे

धनतेरस की
हार्दिक शुभकामनाएं




₹20000 तक एश्योर्ड एक्सचेंज बोनस*

₹50000 तक 50% छूट दूसरे प्रॉडक्ट पर*

डायसन बिग बॉल वैक्यूम क्लीनर ₹43900 ₹14990*
*₹50000 और उससे अधिक की खरीदारी पर

₹30000 तक डिस्काउंट*
लीडिंग बैंक कार्ड्स और कंज्यूमर लोन्स पर
AU SMALL FINANCE BANK | AXIS BANK | HDFC BANK | IDFC FIRST Bank | IndusInd Bank | kotak | onecard | RBL BANK | SBI card | YES BANK | BAJAJ FINSERV | HDB FINANCIAL SERVICES

#CelebrateWithNoExcuses



iPhone 17 Pro 256 GB Starting at ₹54990*
iPhone 17 Pro Max 256 GB Starting at ₹66990*
*Price Post In-store Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback

iPhone Air

Starting from ₹49990*
*Price post Instore Discount, Exchange, Exchange Bonus & Cashback.

oppo Find X10 Series

Starting from ₹59999*
Best upgrade offer. *Price post exchange, exchange bonus and cashback

motorola edge 70 fusion

Starting from ₹29499*
*Price inclusive of cashback & exchange offer


LOWEST PRICE EVER | 3 Year WARRANTY
xiaomi 109cm (43) FHD SMART TV Google TV
₹19999*
Also available 81 cm (32) HD at ₹13999*
*Prices after bank cashback

LG SMART TV AI
3 YEARS WARRANTY | UPGRADE ₹1999* 36 MONTH FIXED EMI
UP TO 26% CASH BACK* MAX ₹26000*

FLASH SALE

DELL 13 XPS
TOUCH
Intel® Core™ 5 Series 3

₹100809 ₹74999*

MacBook Neo
Powered by A18 Pro
Built for Apple Intelligence.

₹79900 ₹64900*

HP Omnibook 3
Ryzen 3 7000
8 GB | 512 GB SSD

₹83421 ₹44999*

*Prices after discount & cashback

digital
PERSONALISING TECHNOLOGY
www.reliancedigital.in

INVERTER ACs
VOLTAS 1.5T VRTS RGALMAGNM ₹36990** 5 STAR
Kelvinator 1.5T KAS-V183ALSG6 ₹28990** 3 STAR
*Prices inclusive of cashback & exchange offers

RO WATER PURIFIER

BENEFITS
GET BAJAJ 3J 500W MIXER WORTH ₹5000 AT ₹499*

boAt PARTYPAL 450 180W FREE 2 MIC

₹13499*
BENEFITS
FREE ANC HEADPHONE WORTH ₹4499*

noise TWIST GO


₹4999 ₹1399*


ROBOTIC VACUUM CLEANER

₹34499 ₹24999*
FREE PRODUCTS WORTH ₹22999*

boAt 500W 5.1CH SOUNDBAR

₹10999*
*Price post cashback

ONEPLUS NORD BUDS 3 ANC

₹2799 ₹2499*

UPTO ₹15000 EXCHANGE BENEFIT*
UPTO ₹20000 CASH BACK*
GET GIFTS WORTH UPTO ₹12490*


UPSIZE & UPGRADE POWERED BY: LG Haier | CO-POWERED BY: Godrej
To a Bigger Refrigerator


REFRIGERATORS
DOUBLE DOOR Starting from ₹17990* EMI of ₹1994*
SIDE BY SIDE Starting from ₹39990* EMI of ₹2994*
FRENCH DOOR Starting from ₹69990* EMI of ₹2994*

WASHING MACHINES
SEMI AUTOMATIC LG 7 Kg ₹11990* EMI of ₹999*
TOP LOAD VOLTAS 6.5 Kg ₹11990* EMI of ₹999*
FRONT LOAD HAIER 8 Kg ₹32990* EMI of ₹2749*
*Prices after bank cashback & under exchange.
BLUE STAR | BOSCH | BPL | Electrolux | Godrej | Haier | IFB | LG | LLOYD | VOLTAS beko | Whirlpool

फ्री डिलीवरी* सबसे जल्दी इंस्टॉलेशन* | बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी की विशाल रेंज | ईज़ी ईएमआई | सबसे कम कीमत* | 14-दिन आसान रिटर्न

SCAN TO VISIT WEBSITE OR STORE

शॉपिंग करें यहां से भी:
SHOP ANY ELECTRONICS AT MY JIO STORE | Jio DIGITAL LIFE

Unless specified, the retail prices shown are for 1 unit of the product.
Terms & Conditions Apply: AU Small Finance Bank/IDFC First Bank/Kotak Bank/RBL/Yes Bank: CC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: : 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. IDFC: DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. IndusInd: CC/DC FS: 7.5% discount up to Rs 1,500 on transactions of Rs 10,000 & above. Flat Rs. 3,000 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 5,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 10,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. CC EMI: 10% discount up to Rs 15,000 on transactions of Rs 10,000 & above. Axis/HDFC/SBI/OneCard: CC EMI: 7.5% discount up to Rs 2,500 on transactions of Rs 10,000 & above (SBI Card EMI- Rs. 15,000 & above). Flat Rs. 3,500 discount on a minimum transaction of Rs. 50,000 & above. Flat Rs. 7,000 discount on a minimum transaction of Rs. 1,00,000 & above. Flat Rs. 15,000 discount on a minimum transaction of Rs. 2,00,000 & above. Flat Rs. 25,000 discount on a minimum transaction of Rs. 3,00,000 & above. For HDFC Bank & SBI Cards, EMI offer applicable on 6 months & above tenure only. Offers applicable on purchase of select product & brands only. Offers is applicable across Reliance digital, My Jio Stores, JioMart Signature stores & www.reliancedigital.in from 31st Oct to 11th Nov 2026. For the purpose of this offer, CC FS shall refer to Credit Card Full Swipe, CC EMI shall refer to Credit Card EMI, DC FS shall refer to Debit Card Full Swipe. Consumer Durable Loan Upto 20,000 Cashback on LED, Laptop, AC, Ref, Washing Machine & Mobile Phone with Bajaj Finserv. Offer validity : 31st Oct'26 to 11th Nov'26.Up to Rs 45000/- Cashback on Refrigerator, Panel, Washing Machine, Dish Washer, Smart phone & laptop with IDFC First Bank Ltd .Offer validity: 31st Oct'26 to 15th Nov'26 for IDFC First Bank. Up to Rs 31,000/- cash back on Consumer durable products, laptop & Digital Products with HDB Financial services, offer Validity 31st Oct'26 to 11th Nov'26 for Pan India. All Paper finance offers are available on select brands / products/ Schemes & select customers. offer valid in select states/cities. For more details contact In-store finance executive. For Paper Finance, benefit shall be given to the customer in form of cashback which shall be posted by respective financier as per their terms. Finance: Offer wherever applicable is at the sole discretion of the financing company. Brand Offers: Offers applicable on brands are sole discretion of the respective brands. *GST will be applicable on all the FREE products. All disputes are subject to the exclusive jurisdiction of the courts in Mumbai only.

सम्पादकीय

ज्यादा बच्चे हों तो न रोकें चुनाव लड़ने से

आज देश में प्रजनन दर में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसी बाबत सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाली नीति से जुड़े कानून की प्रासंगिकता अब खत्म हो गई है। अदालत ने माना कि देश में जनसांख्यिकीय बदलावों के कारण ऐसे प्रतिबंध को लेकर दिये जाने वाले तर्क अब बेमाने हो गए हैं। कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ ही 'जावेद बनाम हरियाणा राज्य' (2003) मामले को एक बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। दरअसल, इस मामले में तीन जजों की बेंच ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम-1994 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था। जिसमें दो से अधिक बच्चे होने पर उम्मीदवार को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिये अयोग्य घोषित किया गया था। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट की दो बच्चों के नियम पर यह टिप्पणी दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश के लिये एक उपयुक्त समय पर आई है। देश की मौजूदा बदलती जनसांख्यिकीय तस्वीर दर्शाती है कि अब वे कानून पुराने व प्रतिकूल हो चुके हैं, जो जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिये जनप्रतिनिधियों को स्थानीय चुनाव में हिस्सा लेने से रोकते थे। उल्लेखनीय है कि जब कोर्ट ने 'जावेद बनाम हरियाणा राज्य'(2003) के मामले में दो बच्चों के नियम की वैधता को मान्यता दी थी, उस समय भारत की प्रजनन दर लगभग तीन थी। जबकि आज यह घटकर 1.9 हो गई है, जो प्रतिस्थापन दर 2.1 से कम है। सही मायने में इस बदलाव में हमारी वास्तविक सामाजिक स्थिति का अक्स उभरता है। मसलन बढ़ती साक्षरता, शहरीकरण का विस्तार, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और परिवार नियोजन के उपायों के प्रति समाज में जागरूकता में वृद्धि आदि। अदालत ने महाराष्ट्र के एक पूर्व सरपंच की अयोग्यता को भी रद्द कर दिया है, जिन्हें अपने तीसरे बच्चे के जन्म के बाद चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था। इससे जुड़े संवैधानिक प्रश्न के समाधान के लिये मामले को बड़ी बेंच को भेज दिया है। सही मायने में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी दर्शाती है कि जनसंख्या नीति और मौलिक अधिकारों के बीच पर्याप्त संतुलन बनाना जरूरी है। यानी दो बच्चों से ज्यादा होने पर किसी को सार्वजनिक सेवा करने से रोकना तार्किक नहीं होगा। दूसरे शब्दों में ऐसे लोगों के चुनाव लड़ने के हक को रोकना पारिवारिक विकल्पों के आधार पर लोकतांत्रिक भागीदारी को सीमित करने जैसा होगा। यानी यह कानून अनुच्छेद 21 अर्थात जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता संरक्षण के तहत प्रजनन स्वायत्तता पर गंभीर सवाल उठाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान व हरियाणा आदि ने पहले ही इस प्रतिबंध को हटा दिया है। इन राज्यों का मानना था कि देश में फिलहाल जनसांख्यिकीय परिस्थितियां बदल चुकी हैं। वास्तव में अन्य राज्यों को भी इस तरह के प्रावधानों पर पुनर्विचार करना चाहिए। इस बाबत कोर्ट का मानना था कि मौजूदा कानून राजनीतिक अधिकारों से वंचित करता है। यह भी कि ज्यादा बच्चे होने पर चुनाव लड़ने से रोकने वाला यह कानून नागरिकों के वर्ग को राजनीतिक प्रतिनिधित्व से बाहर कर देता है। सही मायने में इसका किसी व्यक्ति की सार्वजनिक पद संभालने की क्षमता से कोई खास संबंध नहीं है। उल्लेखनीय है कि भारत में मौजूदा जन्मदर 1.9 है, जबकि प्रतिस्थापन दर 2.1 होनी चाहिए। जिसका मतलब है कि कम प्रजनन के चलते एक पीढ़ी की जगह अगली पीढ़ी पूरी तरह नहीं ले पायेगी। जिसका अर्थ यह है कि बुजुर्गों की आबादी बढ़ने से कामकाजी लोगों की संख्या कम हो सकती है। यदि हमने इन बदलावों को नजरअंदाज किया तो देश के विकास में नकारात्मक प्रभाव सामने आ सकते हैं। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि घटती जन्मदर अंततः बुजुर्गों की आबादी बढ़ाने, कार्यबल में गिरावट और देश की सामाजिक सुरक्षा प्रणाली व स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव बढ़ा सकती है।

ट्रंप के लाल तेवरों के खिलाफ नीली सुनामी

पुष्परंजन

'ब्लू सुनामी' कहिए इसे। यह आधुनिक इतिहास में किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ सबसे बड़े जनादेशों में से एक रहा है। मतदाताओं के पास ट्रम्प की निरंकुश सत्ता को नकारने, ईरान में उनके अलोकप्रिय युद्ध, जीवन-यापन की भारी-भरकम लागत को कम करने में उनकी विफलता और पूरी दुनिया में आर्थिक अफरा-तफरी मचाने के खिलाफ अपना फैसला सुनाने का मौका था। अमेरिकी मतदाताओं ने ट्रम्प समर्थकों के 'एमएजीए' (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) के एकाधिकार को जबरदस्त 'ब्लू वेव' के जरिये समाप्त कर दिया। निचले सदन 'हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स' और ऊपरी सदन 'सीनेट' पर अब डेमोक्रेट्स का नियंत्रण दिखने लगा है। इससे डेमोक्रेट नेता हकीम जेफ़रीज़ के लिए इस सदन का पहला अश्वेत स्पीकर बनने का रास्ता साफ हो चुका है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यकीनन इस कालखंड के सबसे बड़े इस्राइल समर्थक राष्ट्रपति रहे हैं। इसलिए उनकी यह घोषणा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस्राइल को 4 बिलियन डॉलर की वार्षिक सहायता देना बंद कर देगा, आश्चर्यजनक थी। इस घोषणा को भूकंपीय थरथरी से कम मत मानिए, जिसे तेल अवीव तक तीव्रता से महसूस किया गया। नेतन्याहू के कट्टर समर्थकों का विचार भी बदलने लगा। वे मानने लगे कि ट्रम्प से मिलकर उन्होंने देश को धोखा दिया है।

पिछले सप्ताह के चुनाव में कोई स्पष्ट विजेता नहीं होने और नेतन्याहू के भविष्य पर अनिश्चितता के बाद इस्राइल राजनीतिक अधर में है। 4 अरब डॉलर की वार्षिक सैन्य सहायता बंद कर देने की घोषणा ने दोनों देशों के बीच संबंधों के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे ठीक एक



सप्ताह पहले इस्राइल में चुनाव हुए थे, जिसमें नेतन्याहू ने बार-बार इस बात पर जोर दिया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनके संबंधों से रणनीतिक अवसर मिलते हैं। ट्रम्प के ताजा बयानों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच इस सहायता को समाप्त करने को लेकर महीनों पहले ही सहमति बन गई थी, जबकि मौजूदा समझौता 2028 तक लागू रहना था।

ट्रम्प ने दावा किया कि खुद नेतन्याहू ने ही इस बदलाव का प्रस्ताव दिया था। आखिर क्यों? क्या नेतन्याहू ने मान लिया कि वे सरकार नहीं बना पाएंगे? बना भी ली, तो मनमर्जी चला नहीं पाएंगे। और जब इस्राइल का नियंत्रण किन्हीं और हाथों में चला जाए, तो ट्रम्प से कहकर उसकी डोर क्यों न काट ली जाए। हालांकि, नेतन्याहू ने सार्वजनिक रूप से यह वकालत की थी कि अगले एक दशक में अमेरिकी सैन्य सहायता को धीरे-धीरे खत्म कर दिया जाना चाहिए। इसका असर गठबंधन बनाने की बातचीत पर भी पड़ने लगा है। जो पार्टियां थोड़ा-बहुत नेतन्याहू के नेतृत्व को बर्दाश्त कर गठबंधन वाली सरकार में शामिल होने पर विचार कर रही थीं, अब उनके नेता बिदकने लगे हैं। उनके सामने एक बड़ा सवाल है कि भविष्य के सरकारी बजट पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कैसे संभाला जाएगा?

ट्रम्प के कार्यकाल के खत्म होने से पहले इस्राइल के पास 28 महीने का समय है, जिसमें वह ईरान, गाजा और लेबनान में चल रही प्रक्रियाओं को और अधिक मजबूत कर सकता है। मौजूदा समझौते के तहत इस्राइल को सालाना 3.8 अरब डॉलर मिलते हैं, जिसमें 3.3 अरब डॉलर की सैन्य फंडिंग और 500 मिलियन डॉलर संयुक्त मिसाइल-रक्षा कार्यक्रमों के लिए शामिल हैं। यदि इस सहायता को जल्दबाजी में वापस लिया जाता है, तो रक्षा खरीद, बजट योजना और महत्वपूर्ण सुरक्षा क्षमताओं को बनाए रखने को लेकर तुरंत सवाल खड़े हो जाएंगे।

विदेश नीति के ऐसे विश्लेषक, जो रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक, दोनों प्रशासनों में काम कर चुके हैं, मानते हैं कि इस्राइल की अर्थव्यवस्था अब इतनी मजबूत हो चुकी है कि उसे सैन्य उपकरण खरीदने के लिए अमेरिकी मदद की जरूरत नहीं है। वैश्विक मामलों के विश्लेषक और नई किताब 'ब्रिंक' के लेखक ब्रेट मैकगर्क भी उनमें से एक हैं।

अमेरिका में राजनीतिक हालात को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। डेमोक्रेट्स ने ऐतिहासिक जीत हासिल करते हुए हाउस और सीनेट, दोनों पर अपना नियंत्रण बना लिया है। डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भारी अलोकप्रियता का फायदा उठाया और इतनी ताकत हासिल कर ली है कि वे उनके कार्यकाल के आखिरी दो वर्षों में उन पर लगाम रख सकें। डोनाल्ड ट्रम्प का वर्तमान राष्ट्रपति कार्यकाल जनवरी, 2029 में समाप्त होना तय है।

धर्म-ज्योतिष

देवताओं का वानर रूप में अवतार और अयोध्या में श्रीराम जन्म की तैयारी

पिछले प्रसंग में हमने देखा कि रावण के अत्याचारों से व्याकुल होकर पृथ्वी ने गौ का रूप धारण किया और देवताओं तथा मुनियों के साथ ब्रह्माजी की शरण ली। ब्रह्माजी ने सबको धैर्य रखने का आश्वासन दिया और भगवान श्रीहरि का स्मरण करने के लिए कहा। तब आकाशवाणी के माध्यम से भगवान ने आश्वासन दिया कि वे सूर्यवंश में मनुष्य रूप धारण करके पृथ्वी का भार दूर करेंगे। भगवान की इस घोषणा को सुनकर देवताओं के हृदय में आशा का संचार हुआ। अब उन्हें विश्वास हो गया कि रावण के अत्याचारों से संसार को मुक्ति मिलेगी और धर्म की पुनः स्थापना होगी। किंतु भगवान की लीला में देवताओं का भी अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान था। भगवान के पृथ्वी पर अवतार लेने के साथ-साथ उनके कार्य में सहायता करने के लिए देवताओं को भी विभिन्न रूपों में जन्म लेना था। गोस्वामी तुलसीदासजी के अनुसार, ब्रह्माजी ने देवताओं को निर्देश दिया कि वे वानरों के रूप में अवतार लें, जिससे भगवान श्रीराम की लीला में सहयोग कर सकें।



समसामयिक

प्रदूषण मामलों में आपराधिक कानून के तहत हो कार्रवाई

हर साल सर्दी की दस्तक के साथ ही देश के बड़े हिस्से, खासकर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और उत्तरी भारत में, हवा ज़हरीली होने लगती है। एक्यूआई का स्तर 400 और 500 के आंकड़े पार कर जाता है। इसका बड़ा कारण औद्योगिक इकाइयों द्वारा किया जाने वाला उत्सर्जन और बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स द्वारा उड़ाई जाने वाली धूल है।

सवाल है कि क्या केवल कुछ लाख रुपये का जुर्माना लगाकर इतने बड़े पैमाने पर लोगों के फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने की इजाजत दी जा सकती है? दरअसल, जब उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन जानबूझकर और लगातार किया जाए, तो इसे केवल प्रशासनिक लापरवाही न मानकर कॉर्पोरेट पर्यावरण अपराध की श्रेणी में दर्ज किया जाए। भारतीय कानूनी ढांचे में हवा को साफ रखने के लिए कड़े प्रावधान मौजूद हैं। वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 37 से लेकर 40 तक व्यवस्था करती हैं कि यदि कोई कंपनी या औद्योगिक इकाई तय मानकों का उल्लंघन करती है, तो उसके लिए जिम्मेदार



डायरेक्टर्स, बोर्ड मेंबर्स और शीर्ष प्रबंधन को व्यक्तिगत रूप से आपराधिक तौर पर जवाबदेह ठहराया जा सकता है। धारा 37 के तहत पांच से सात साल तक की जेल का प्रावधान है, वहीं धारा 40 सुनिश्चित करती है कि कंपनी के शीर्ष अधिकारी जिम्मेदारी से यह कहकर नहीं बच सकते कि उन्हें उल्लंघन की जानकारी नहीं थी। इसके बावजूद, हकीकत में इन धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज होना या किसी कॉर्पोरेट प्रमुख का जेल जाना बेहद दुर्लभ है। अधिकांश मामलों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) सिर्फ आर्थिक दंड लगाकर मामले निपटा देते हैं। एनजीटी द्वारा लागू 'पॉल्यूटर पे प्रिंसिपल' सैद्धांतिक रूप से मजबूत होने के बावजूद व्यवहार में कॉर्पोरेट्स के लिए आसान रास्ता बन गया है, क्योंकि बड़ी कंपनियां पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के बाद जुर्माने की रकम को व्यापारिक खर्च या लाइसेंस लागत मानकर आसानी से चुका देती हैं। इसलिए इस सिद्धांत को सख्त आपराधिक न्यायशास्त्र से जोड़ने की जरूरत है। भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं, जिन्होंने इस क्षेत्र में कानूनी नजीर पेश की। एमसी मेहता बनाम भारत संघ (1987) के प्रसिद्ध ओलियम गैस लीक मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने 'एब्सोल्यूट लायबिलिटी' सिद्धांत प्रतिपादित किया था। अदालत ने कहा था कि यदि कोई उद्योग खतरनाक गतिविधियां चलाता है और उससे जनता को नुकसान होता है, तो उस उद्योग को बिना किसी छूट के पूरा मुआवजा देना होगा और उसकी जिम्मेदारी अटूट होगी।


व्यापार

ज्वेलरी कारोबार में 20 से 30 फीसदी की वैल्यू ग्रोथ का अनुमान

धनतेरस-दिवाली से पहले सोने-चांदी में नरमी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

धनतेरस और दीपावली के त्योहार से ठीक पहले सोने और चांदी की कीमतों में आई हालिया गिरावट ने भारतीय सर्राफा एवं आभूषण बाजार में नई उमंग भर दी है। 6 नवंबर को पड़ने वाले धनतेरस के दिन महीने की शुरुआत होने से ग्राहकों के हाथ में सैलरी मौजूद रहेगी, जिससे खरीदारी का रुझान काफी मजबूत होने की उम्मीद है। हालांकि, पिछले छह महीनों के उच्चतम स्तर से भाव में गिरावट के बावजूद बिक्री की कुल मात्रा (वॉल्यूम) पिछले साल के स्तर पर ही रहने का अनुमान है, लेकिन बेस प्राइस अधिक होने के कारण वैल्यू के लिहाज से ज्वेलरी कारोबार में 20 से 30 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी देखी जा सकती है। सोने की कीमतों में पिछले कुछ महीनों में लगभग 12 प्रतिशत की नरमी दर्ज की गई है। 29 मई को जो सोना 1,62,900 प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर



पर था, वह 31 अक्टूबर तक घटकर 1.42 लाख पर आ गया। हाल ही में रिकवरी के बाद यह 1,46,600 प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। तुलनात्मक रूप से पिछले साल इसी समय सोने के भाव लगभग 1.10 लाख प्रति 10 ग्राम थे। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) भारत के अनुसार, इस नरमी से शादी-ब्याह की खरीदारी करने वाले परिवारों को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। कीमतों के रुझान को देखते हुए सर्राफा बाजार में नए ट्रेंड्स भी सामने आए हैं। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (जीजेसी) के अनुसार, महंगे भाव की वजह से ग्राहक अब 18-कैरट सोने और लाइटवेट ज्वेलरी को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसके साथ ही विवाह की मुख्य रस्मों के लिए सोना और अन्य आयोजनों के लिए चांदी के आभूषणों का उपयोग बढ़ रहा है। युवाओं में लैब-ग्रोन डायमंड्स और लाइटवेट स्टडेड आभूषणों का चलन भी तेजी से बढ़ा है। दूसरी तरफ, चांदी के दाम में लगभग 50 प्रतिशत की भारी गिरावट के बाद इसके वॉल्यूम में 10 प्रतिशत की सालाना वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। वैश्विक तनाव, महंगाई और कुछ राज्यों में प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उद्योग जगत का मानना है कि भारतीय बाजार पर इसका सीमित असर पड़ेगा। जीजेसी अध्यक्ष राजेश रोकड़े और सेनको गोल्ड के एमडी शुभंकर सेन सहित प्रमुख कारोबारियों ने इस त्योहारी सीजन में वैल्यू के आधार पर 20 से 30 प्रतिशत की शानदार बढ़ोतरी का भरोसा जताया है। खुदरा विक्रेताओं ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिए विभिन्न छूट और आकर्षक ऑफर्स की शुरुआत कर दी है, जिससे इस बार सर्राफा बाजार में जोरदार धनवर्षा होने की उम्मीद है।

सेंसेक्स 2000 से अधिक अंक उछला, निफ्टी 24,500 के पार बंद

सेंसेक्स ने दो दिन पहले मनाई दीवाली

मृदुभाषी। नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को शानदार तेजी दर्ज की गई। वैश्विक संकेतों और दिग्गज शेयरों में आई भारी लिवाली के दम पर सेंसेक्स और निफ्टी लंबी छलांग लगाकर हरे निशान में बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी राजनीतिक घटनाक्रमों से बाजार की धारणा को बड़ा बल मिला, जिससे निवेशकों के चेहरे खिल उठे।

सेंसेक्स पिछले बंद 77,301.40 के मुकाबले 2,008.61 अंक यानी 2.60 प्रतिशत की जोरदार उछाल के साथ 79,310.01 पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी ने भी पिछले बंद 23,960.60 के मुकाबले 576.00 अंक यानी 2.40 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 24,536.60 के स्तर पर कारोबार समाप्त किया। बाजार के सभी व्यापक सूचकांक मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए। गुरुवार के कारोबार में चौतरफा खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी 100 सूचकांक सबसे अधिक 2.23 प्रतिशत की तेजी के साथ शीर्ष पर रहा। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्रों में निवेशकों ने जमकर पैसा लगाया(जहां अधिकांश सेक्टर हरे निशान में रहे, वहीं निफ्टी केमिकल्स और निफ्टी मीडिया में हल्की गिरावट दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 96.02 डॉलर प्रति बैरल और कच्चा तेल 88.56 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार कर रहा था।



किन शेयरों में रही हलचल?

शीर्ष लाभ पाने वाले शेयर (Top Gainers): एनएसई और बीएसई पर बजाज फाइनेंस, श्रीराम फाइनेंस, इंडिगो, मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा (M&M), आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, टाटा स्टील, टाइटन और लार्सन एंड टर्बो (L&T) प्रमुख रूप से हरे निशान में बंद हुए।

बाजार में इस तेजी के पीछे क्या रहे मुख्य कारण?

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, यह शानदार रैली कई सकारात्मक कारकों का मिलाजुला परिणाम है। रेलिगेयर ब्रोकिंग के रिसर्च के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख शेयरों में व्यापक मजबूती के चलते निफ्टी ने पिछले तीन महीनों के नुकसान की पूरी भरपाई कर ली है। यह सूचकांक को अगस्त के उच्च स्तर 24,800 के करीब पहुंचने का संकेत दे रहा है। बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में लौटी नई गति ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। बाजार विश्लेषक विपिन डिक्सना ने कहा कि कच्चे तेल की कम कीमतें, विदेशी संस्थागत निवेशकों (FII) का बढ़ता प्रवाह, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं में कमी और भारत का मजबूत होता आर्थिक परिदृश्य बाजार की रीढ़ बना हुआ है।

विशेषज्ञों की सलाह

अजीत मिश्रा ने अनुशासित स्टॉक चयन और विवेकपूर्ण रातोंरात जोखिम प्रबंधन पर जोर दिया है, क्योंकि आने वाले दिनों में बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। विपिन डिक्सना के अनुसार, निफ्टी के 24,200 के स्तर से ऊपर निकलने के बाद इसकी अल्पकालिक तकनीकी संरचना में सुधार आया है। वर्तमान में 24,200-24,100 का क्षेत्र एक मजबूत समर्थन (Support) जोन है, जबकि 24,400-24,500 तत्काल प्रतिरोध (Resistance) क्षेत्र है।

एलन मस्क की कंपनियों को झटका, नेटवर्थ घटी

मृदुभाषी। नई दिल्ली



अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को मिले झटके का सीधा असर दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क के बिजनेस साम्राज्य पर देखने को मिला है। चुनाव परिणामों के तुरंत बाद मस्क की प्रमुख कंपनियों टेस्ला और स्पेसएक्स के शेयरों में भारी बिकवाली दर्ज की गई, जिससे निवेशकों के बीच अनिश्चितता का माहौल बन गया है। राजनीतिक परिदृश्य में आए इस बदलाव के कारण मस्क की कंपनियों के वैल्यूएशन और उनकी व्यक्तिगत संपत्ति पर गहरा दबाव पड़ा है। चुनाव नतीजों के सामने आते ही टेस्ला और स्पेसएक्स के शेयरों में 3 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जिससे दोनों कंपनियों के संयुक्त मार्केट कैप में लगभग 130 अरब डॉलर की बड़ी कमी आ गई। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, इस मंदी का सीधा असर एलन मस्क की व्यक्तिगत दौलत पर पड़ा और उनका नेटवर्थ महज एक दिन में 33 अरब डॉलर (3.7 प्रतिशत) कम हो गया। हालांकि, इस भारी नुकसान के बाद भी मस्क की कुल संपत्ति 865 अरब डॉलर पर बनी हुई है और वे दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति के पायदान पर मजबूती से काबिज हैं।

भारती एयरटेल का दूसरी तिमाही में शानदार प्रदर्शन

एकीकृत लाभ 24 प्रतिशत बढ़कर 10,710 करोड़ हुआ

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने गुरुवार को सितंबर 2026 को समाप्त चालू वित्त वर्ष (2026-27) की दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित कर दिए हैं। कंपनी ने इस तिमाही के दौरान अपने एकीकृत शुद्ध लाभ में 24 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की है। नियामक फाइलिंग के अनुसार, एयरटेल का कुल मुनाफा बढ़कर 10,710 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 8,651 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी के राजस्व में भी मजबूत उछाल देखने को मिला है। समीक्षाधीन तिमाही में एयरटेल का एकीकृत परिचालन राजस्व 16.7 प्रतिशत बढ़कर 60,877.5 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 52,145.4 करोड़ रुपये था। भारत में कंपनी के कुल परिचालन राजस्व में 9.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे यह आंकड़ा 42,308 करोड़ रुपये पर पहुंच



गया। वहीं, भारत में एयरटेल की मोबाइल सेवाओं से मिलने वाले राजस्व में सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारती एयरटेल ने बताया कि ग्राहकों की संख्या में लगातार हो रहे इजाफे और सेवाओं के बेहतर प्रदर्शन से वित्तीय नतीजों को मजबूती मिली है। इसके साथ ही कंपनी के प्रति ग्राहक औसत राजस्व (एआरपीयू) में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

सोने-चांदी के आभूषणों से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहनों तक की रहेगी मांग, व्यापारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद

धनतेरस आज, खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ेगी ग्राहकों की भीड़

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। दीपावली पर्व की शुरूआत के साथ ही धनतेरस को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। शुभ खरीदारी के विशेष दिन धनतेरस पर शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। सराफा बाजार से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और कपड़ा बाजार तक व्यापारियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है, वहीं ग्राहकों को लुभाने के लिए विभिन्न प्रकार के ऑफर और नई वैरायटी भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदना शुभ माना जाता है। इसी मान्यता के चलते सराफा बाजार में सोने और चांदी के आभूषणों के साथ सिक्कों और अन्य आकर्षक वस्तुओं की मांग रहने की उम्मीद है। ज्वेलर्स ने ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए हल्के वजन के आभूषणों से लेकर पारंपरिक डिजाइन तक की नई रेंज तैयार की है। हालांकि सोने-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव के बावजूद त्योहार को लेकर ग्राहकों में खरीदारी का उत्साह बना हुआ है।

बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों पर भी रहेगी रौनक

धनतेरस पर बर्तनों की खरीदारी का भी विशेष महत्व है। इसके चलते बर्तन बाजार में पीतल, तांबा, स्टील और अन्य धातुओं के बर्तनों की मांग बढ़ने की संभावना है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में एलईडी टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल और घरेलू उपकरणों की खरीदारी को लेकर भी ग्राहकों में उत्साह देखा जा रहा है। दुकानदारों ने त्योहार के मद्देनजर विशेष स्टॉक मंगवाया है।



वाहनों की बुकिंग और डिलीवरी की भी पूरी तैयारी

धनतेरस को वाहन खरीदने के लिए भी शुभ अवसर माना जाता है। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने की उम्मीद है। कई ग्राहक पहले से ही वाहनों की बुकिंग करा चुके हैं और धनतेरस के दिन डिलीवरी लेने की तैयारी में हैं। ऑटोमोबाइल कारोबारियों को भी इस शुभ मुहूर्त पर अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

दुकानदारों को बेहतर कारोबार की है आस

त्योहारी सीजन व्यापारियों के लिए साल का महत्वपूर्ण समय माना जाता है। धनतेरस और दीपावली के अवसर पर होने वाली खरीदारी से बाजार में आर्थिक गतिविधियां तेज होती हैं। शहर के व्यापारियों को उम्मीद है कि इस बार भी ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिलेगा और बाजार में रौनक के साथ कारोबार में बढ़ोतरी होगी। कुल मिलाकर धनतेरस को लेकर शहर का बाजार सजकर तैयार है और अब व्यापारियों को ग्राहकों की भीड़ का इंतजार है।

पांच दिन वाहनों की नो एंट्री, 3 पहिया 4 पहिया और लोडिंग वाहन प्रतिबंधित

यातायात का नया प्लान, भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर पूरी तरह रहेगी रोक

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। दीपावली के त्योहार पर बाजारों में उमड़ने वाली खरीदारों की भीड़ को देखते हुए जिला पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष प्लान लागू किया है। त्योहार के दौरान बाजारों में जाम की स्थिति न बने और आम नागरिकों को खरीदारी के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए 5 से 9 नवंबर तक शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं, भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर भी पूरी तरह रोक लगा दी गई है। पुलिस ने वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करते हुए नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

यातायात व्यवस्था के तहत इंदौर नाका, श्याम ढाबा, रतलाम नाका और मतलबपुरा फाटा से धार शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इन मार्गों से आने वाले भारी वाहन चालकों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करना होगा। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित अवधि में भारी वाहनों को शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी।



बाजार के इन मार्गों पर पांच दिन तक वाहनों की आवाजाही बंद

भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों में जाम की स्थिति नियंत्रित करने के लिए विशेष प्रतिबंध लगाए गए हैं। हटवाड़ा से आनंद चौपाटी होते हुए पौ चौपाटी, मोहन टॉकीज से पिंजारवाड़ी, धानमंडी, आनंद चौपाटी और शनि गली तथा पठ्ठा चौपाटी से बनियावाड़ी, राय चौपाटी और बोहरा बांखल तक तीन पहिया, चार पहिया और सभी प्रकार के लोडिंग वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यह प्रतिबंध 5 से 9 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक प्रभावशील रहेगा। इस दौरान इन मार्गों पर संबंधित वाहनों की पार्किंग पर भी रोक रहेगी। हालांकि, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित आवश्यक आकस्मिक सेवाओं से जुड़े वाहनों को जरूरत के अनुसार आवागमन की अनुमति रहेगी।

पैदल खरीदारी करने की अपील दोपहिया के लिए निर्धारित पार्किंग

पुलिस ने बाजार में खरीदारी के लिए आने वाले नागरिकों से यथासंभव पैदल आवागमन करने की अपील की है। दोपहिया वाहन चालकों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खड़े करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, नो-पार्किंग जोन और डायवर्जन स्थलों पर वाहन खड़े करने वालों से बचने को कहा गया है।

नियम तोड़ने और बैरिकेड्स हटाकर प्रवेश करने से बचें

पुलिस ने चालकों को चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित मार्गों पर तीन पहिया, चार पहिया और लोडिंग वाहन लेकर प्रवेश न करें। तेज गति, अनावश्यक हॉर्न और बैरिकेड्स हटाकर प्रतिबंधित रास्तों से प्रवेश करने जैसी गतिविधियों से बचें। साथ ही यातायात पुलिस और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करें। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि दीपावली का त्योहार खुशियों और उल्लास के साथ मनाने के लिए यातायात व्यवस्था में सहयोग करें। बुजुर्गों और पैदल राहगीरों को प्राथमिकता दें तथा एम्बुलेंस एवं अन्य आपातकालीन वाहनों को रास्ता दें। पुलिस का मानना है कि आमजन के सहयोग से ही शहर के बाजारों में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखी जा सकेगी।

दीपावली महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में

माँ महालक्ष्मी मंदिर नोटों और आभूषणों से सजा, आज से होंगे अलौकिक दर्शन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम। शहर स्थित ऐतिहासिक माणकचौक महालक्ष्मी मंदिर में दीपावली महोत्सव की तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इस बार भी मंदिर को करोड़ों रुपए की नकदी, नोटों की गड्डियों, धन-धान्य और कीमती आभूषणों से बेहद भव्य तरीके से सजाया जा रहा है।

गुरुवार को दिनभर और देर रात तक सजावट का यह विशेष कार्य युद्ध स्तर पर जारी रहा। शुक्रवार को धनतेरस के अवसर पर ब्रह्म मुहूर्त में माता महालक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु इस अलौकिक खजाने के दर्शन कर सकेंगे।



31 पंडितों द्वारा अभिमंत्रित की गई कुबेर पोटली

मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए इस बार भी प्रसाद स्वरूप 'कुबेर पोटली' वितरित करने की विशेष व्यवस्था की गई है। बुधवार देर शाम 31 विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ इस कुबेर पोटली का विशेष पूजन कर इसे अभिमंत्रित किया है। धार्मिक मान्यता है कि धनतेरस के पावन पर्व पर मिलने वाली इस पोटली को घर की तिजोरी में रखना बेहद शुभ होता है और इससे बरकत बनी रहती है। धनतेरस के दिन से ही मंदिर पहुंचने वाले भक्तों को यह विशेष प्रसाद दिया जाएगा।

धनतेरस से भाईदूज तक उमड़ेगी भक्तों की भीड़

हर साल की तरह इस बार भी दीपावली के पावन अवसर पर महालक्ष्मी मंदिर में कुबेर के खजाने के दर्शन करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। रतलाम जिले के अलावा मध्य प्रदेश के अन्य जिलों तथा देश के विभिन्न राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन और खजाने की झलक पाने के लिए यहां आते हैं। मंदिर के पुजारी अश्वनी पुजारी ने जानकारी दी कि नोटों और आभूषणों से की गई यह भव्य सजावट धनतेरस से शुरू होकर भाईदूज तक अनवरत जारी रहेगी। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग कतारों की विशेष व्यवस्था की गई है।

रिन्यू कंपनी की पार्किंग से बाईक चुराने वाले गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मोटर साइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गई बाइक भी बरामद की। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

फरियादी संजय गुर्जर ने कोतवाली थाने में मोटर साइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वे पवन चक्की स्थित रिन्यू कंपनी के कार्यालय में काम करते हैं। उनकी मोटरसाइकिल कार्यालय की पार्किंग में खड़ी थी। जहां से 2 और 3 नवंबर की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी-42-जेडसी-0485 चोरी कर ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी नवीन बिलावलिया ने आरोपी की तलाश के लिए टीम बनाई। पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी अर्जुन पिता विष्णु प्रसाद प्रजापति निवासी ग्राम टुकराना है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने कार्यालय के अंदर घूमकर कुछ छोटे-मोटे सामान भी उठाए थे। हालांकि इन सामानों की चोरी को लेकर संजय गुर्जर ने अलग से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी।

कपास के खेत में हो रही थी गांजे की खेती

पुलिस ने जब्त किए 1 लाख 20हजार के 12.800 किलोग्राम पौधे

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

रतलाम। जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और अवैध खेती के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रावटी थाना पुलिस ने ग्राम सांगला का माल (खेरियारुंडी कला) में दबिश देकर कपास की फसल के बीच छिपाकर की जा रही गांजे की अवैध खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से गांजे के 9 हरे पौधे जब्त किए हैं, जिनका कुल वजन 12.800 किलोग्राम और अनुमानित बाजार कीमत लगभग 1.20 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाशकी जा रही है। फिलहाल की स्थिति में गांजे की अन्य खेती की जानकारी जुटाई जा रही है।



पुलिस के अनुसार सैलाना एसडीओपी लेखराज मीणा के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस दल ने ग्राम सांगला का माल खेरियारुंडी कला स्थित पहाड़ी किनारे बने खेतों में गहन सर्चिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान रंगीलीबाई पति जय सिंह भाभर की निजी भूमि पर कपास की फसल के बीच बोए गए गांजे के लहलहाते हरे पौधे बरामद हुए। पुलिस के अनुसार लोगों को चकमा देने के लिए कपास की खेती की जा रही थी, जबकि इसकी आड़ में गांजे के पौधे उगाए जा रहे थे।

अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

इस मामले को लेकर रावटी थाना प्रभारी मनीष डाबर ने बताया कि कपास की आड़ में अवैध रूप से गांजे की खेती कराने वाले मुख्य आरोपियों और इससे जुड़े अन्य नेटवर्क की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर संबंधित लोगों की भूमिका तय कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अपराधियों को संरक्षण देने में लगी है कांग्रेस : भारती

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। शहीद पुलिस अधिकारी दिलीप पुरी हत्याकांड को लेकर प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है। खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी राहुल जायसवाल का नाम हत्याकांड में मुख्य आरोपी के रूप में सामने आने और हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस की भूमिका को लेकर तीखे सवाल उठने लगे हैं।



भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया गया कि एक ओर पार्टी से जुड़े पदाधिकारियों पर गंभीर आपराधिक आरोप सामने आ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शहीद पुलिस अधिकारी के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। इसे कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए राजनीतिक संवेदना का दिखावा करार दिया गया। भारती का कहना है कि कांग्रेस अपराधियों को संरक्षण देने में लगी हुई है। उनका कहना है कि शहीद के परिवार के प्रति सच्ची संवेदना केवल शोक जताने से नहीं, बल्कि उन्हें निष्पक्ष जांच और न्याय दिलाने की मांग से साबित होगी। जिलाध्यक्ष के अनुसार शहीद के सम्मान और न्याय की बात करने वाली कांग्रेस अपने ही पदाधिकारियों पर लगे गंभीर आरोपों पर क्या जवाब देगी?

बैठक | **कलेक्टर ने समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश**

प्रतिबंधित पटाखे बेचे तो होगी कार्रवाई: मीना

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। दीपावली और आगामी त्योहारों को देखते हुए जिला प्रशासन ने कानून व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध एवं प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्बाइड गन और प्रतिबंधित सामग्री के उपयोग पर भी सतत निगरानी रखी जाए। पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित एवं अधिकृत स्थानों पर ही हो, ताकि त्योहार के दौरान किसी तरह की अप्रिय घटना की आशंका न रहे।

गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कानून व्यवस्था, नशा विरोधी अभियान, नारकोटिक्स नियंत्रण, खाद-बीज के भंडारण एवं वितरण तथा स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी और कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



स्कूल-कॉलेजों के आसपास नशे के कारोबार पर रहेगी नजर

नशा विरोधी अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों और संदिग्ध स्थानों को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों की 100 मीटर की परिधि में मादक पदार्थों की बिक्री किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए। इसके लिए राजस्व, पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से निगरानी रखें। गांजे की अवैध खेती पर नियंत्रण के लिए पटवारियों को गिरदावरी के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए।

त्योहार पर घर लौटे हितग्राहियों की होगी रजिस्ट्री

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना-2026 की समीक्षा में कलेक्टर ने रजिस्ट्री प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और पटवारियों को समन्वय बनाकर ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित करने को कहा, जो रोजगार के लिए दूसरे शहरों में गए हैं और त्योहार पर अपने गांव लौटे हैं। ऐसे हितग्राहियों की ई-केवाईसी और रजिस्ट्री प्राथमिकता से पूरी कराई जाएगी, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके।

खाद-बीज वितरण में लापरवाही न हो

रबी सीजन को देखते हुए कलेक्टर ने खाद और बीज के भंडारण एवं वितरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने किसानों को समय पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 9 नवंबर को जिले की सभी गौशालाओं में गोवर्धन पूजा एवं गौपूजन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिपं सीईओ अखिलेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर संजीव केशव पाण्डेय, सहायक कलेक्टर आशी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रज्ञान स्कॉलर्स एकेडमी में दीपावली की धूम, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कसरावद। प्रज्ञान स्कॉलर्स एकेडमी, कसरावद में दीपावली महोत्सव हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत दीया सजावट, आकर्षक रंगोली, हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड, आकाश कंदील एवं लालटेन निर्माण, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, ड्राइंग तथा आर्ट एंड क्राफ्ट जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं।

इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक कौशल एवं मेहनत से आकर्षक कलाकृतियां तैयार कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में दीपावली की रौनक और उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में अतिथि पप्पू सोनी, पत्रकार संघ अध्यक्ष नितिष लुणिया, विनोद नामदेव, मनोज सोनी, नवीन बारचे एवं अनिल पाटीदार उपस्थित रहे।



विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की सराहना

अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों का अवलोकन कर उनकी प्रतिभा की सराहना की । प्राचार्य डॉ. राकेश पाटीदार ने बताया कि कार्यक्रम को सफल एवं आकर्षक बनाने में दुर्गा कुशवाह, अलका पगारे, श्रेया पटेल एवं वंशिका मैम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के साथ ही उन्हें भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से परिचित कराने का अवसर मिलता है।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह के प्रयत्नो से भारत वापसी हुई संभव

22 दिन के बाद दुबई से भारत आए ज्ञानेन्द्र तिवारी, एम्स दिल्ली में भर्ती

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। पिछले 15 अक्टूबर से दुबई के अल - जहरा हास्पिटल मे भर्ती ज्ञानेन्द्र पुत्र राजेन्द्र तिवारी को लंबे संघर्ष और केन्द्र तथा राज्य सरकार के सहयोग से 5 नवम्बर की प्रातः 4 बजे भारत लाया गया। उन्हे एम्स, दिल्ली मे भर्ती करवाया गया है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और वे कोमा मे हैं ।परिजनों सभी प्रियजनों, शुभ चिंतकों, मित्रों से करबद्ध निवेदन किया है कि अपनी प्रार्थना में ज्ञानेन्द्र को शामिल करें और उनकी जीवन रक्षा के लिये ईश्वर से प्रार्थना करें।

दुबई में पिछले 22 दिन से जिंदगी की जंग लड़ रहे ज्ञानेंद्र तिवारी को एयर एंबुलेंस से दिल्ली लाया गया। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों एवं भाजपा नेताओं के सतत प्रयासों से मिली सफलता के बाद राहत की सांस



परिवार के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार के सहयोग के लिये आभार जताया है।

संघ में जिला संघ चालक है पिता

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक राजेन्द्र तिवारी के सुपुत्र ज्ञानेन्द्र दुबई के अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे थे। 15 अक्टूबर को दुबई में हृदयाघात और फिर ब्रेन हेमरेज के बाद उन्हे गंभीर हालत मे अल - जहरा हास्पिटल मे भर्ती करवाया गया था। वहाँ से उन्हे भारत लाना परिवार के लिये बडा चैलेंज था।

ईश्वरीय मदद के रुप मे मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह, सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन के लगातार प्रयासों के बाद ज्ञानेंद्र को एयर एंबुलेंस के माध्यम से दुबई से भारत आज देर रात लगभग 3 बजे लाकर दिल्ली एम्स मे भर्ती करवाया गया है।

प्रतिदिन लगभग 4 लाख रुपये का खर्च

पेशे से शिक्षक राजेंद्र तिवारी के पुत्र का विदेश में उपचार और अस्पताल का प्रतिदिन लगभग 4 लाख रुपये का खर्च परिवार के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती बन गया था। इससे पहले इलाज पर लाखों रुपये खर्च होने की जानकारी भी सामने आई थी। ज्ञानेन्द्र की भारती वापसी से परिवार को अब नई उम्मीद मिली है। एयर एंबुलेंस से दिल्ली पहुंचने के बाद एम्स में आगे के उपचार की व्यवस्था की गई है।

आभूषण प्रेमियों के लिए खुशखबरी: अब चंदुकाका सराफ का नया शोरूम खण्डवा में भी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खण्डवा। आभूषणों की उत्कृष्टता, विश्वास और पारंपरिक शिल्पकला की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाते हुए चंदुकाका सराफ ज्वेल्स के 27वें शोरूम का भव्य शुभारंभ गुरुवार को हुआ।

इस दौरान आयोजित समारोह में चंदुकाका सराफ ज्वेल्स की संचालिका श्रीमती संगीता अतुल शहा एवं संचालक सिद्धार्थ अतुल शहा के साथ प्रणय जैन, वीरेंद्र जैन अध्यक्ष, पोरवाड़ जैन समाज, दिलीप पहाड़िया, सुनील जैन, सिद्धार्थ जैन, सुभाष मेहता एवं रिषी सिघयी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

200 वर्षों की गौरवशाली विरासत

इस दौरान बताया गया कि लगभग 200 वर्षों की गौरवशाली विरासत से जुड़ा चंदुकाका सराफ ज्वेल्स अपने उत्कृष्ट आभूषणों, पारंपरिक डिजाइनों और ग्राहकों के अटूट विश्वास के लिए जाना जाता है।



खंडवा में नए शोरूम का शुभारंभ क्षेत्र के आभूषण प्रेमियों के लिए एक विशेष अवसर है। यहाँ ग्राहकों को आकर्षक डिजाइनों एवं आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला का अनुभव मिलेगा।

सोने-हीरे की खरीदी पर मिल रहे विशेष ऑफर्स

इस विशेष अवसर पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स भी प्रस्तुत किए जा रहे हैं। सोने के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज मात्र 3.99% से 9.99% तक रहेगा, वहीं हीरे के आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर 100% तक की छूट का विशेष ऑफर दिया जा रहा है। ये विशेष ऑफर्स 15 नवंबर तक चंदुकाका सराफ ज्वेल्स के खंडवा शोरूम में लागू रहेंगे। इंदौर रोड पर मुख्य जिला अस्पताल के सामने शुभ मोती कॉम्प्लेक्स में स्थित यह नया शोरूम क्षेत्र के ग्राहकों को पारंपरिक विरासत और आधुनिक आभूषण डिजाइनों का अनूठा संगम उपलब्ध कराएगा। यह शोरूम खंडवा एवं आसपास के क्षेत्रों के ग्राहकों तक उत्कृष्ट आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

12 लाख से अधिक के जेवर चुराने वाला गिरफ्तार

खरीदार को भी पकड़ा गया

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

डबरा। भितरवार थाना पुलिस ने नकबजनी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी और चोरी का माल खरीदने वाले एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर करीब 12 लाख 40 हजार रुपए मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार फरियादी ज्ञानीभूषण पाठक निवासी वार्ड क्र. 02 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे अपने सोने-चांदी के जेवरात घर के कमरे में गेहूं की टंकी के अंदर श्रृंगार पेटी में छिपाकर रखते थे। गत 22 अक्टूबर 2026 की सुबह जब उन्होंने देखा, तो गेहूं की टंकी का कुंदा टूटा हुआ था और उसमें रखी श्रृंगारपेटी गायब थी, जिसमें रखे लाखों के जेवर अज्ञात चोर चुरा ले गए थे। जिस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान 5 नवंबर 2026 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि संदेही ताज खान गोलेश्वर मंदिर के पास घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से सोने की चार चूड़ियां, एक बड़ा हार, कानों के बाले, बेंदा, लेडीज अंगूठियां, नथ और चांदी की पायल सहित करीब 12 लाख रुपए के आभूषण जब्त किए।

चोरी की अंगूठी खरीदने वाला खरीदार भी गिरफ्तार

पुलिस के अनुसार आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने चोरी की एक सोने की जेंट्स अंगूठी अविनाश वाल्मीक को 8 हजार रुपए में बेची थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खरीदार अविनाश को भी हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद उसके घर से सोने की अंगूठी भी बरामद कर ली गई।

47 खाद्य पदार्थों के नमूने भोपाल भेजे

दो प्रतिष्ठानों में गंदगी मिलने पर सुधार के लिए नोटिस जारी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

धार। दीपावली के त्योहार पर मिठाइयों और खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के बीच मिलावट एवं खराब गुणवत्ता की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने जिलेभर में निगरानी तेज कर दी है। विभागीय टीम ने दो दिनों में 16 प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के 47 नमूने एकत्रित किए। वहीं, दो प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की कमी मिलने पर संचालकों को सुधार सूचना नोटिस जारी किए गए हैं।

कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देश और आयुक्त खाद्य सुरक्षा के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अभिहित अधिकारी डॉ. अनिता सिंगारे के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं। धामनोद, बिखरोन, चीखल्दा और कुक्षी क्षेत्र में मिठाई, डेयरी उत्पाद एवं नमकीन बनाने और बेचने वाले प्रतिष्ठानों की जांच की गई। इस दौरान मावा, मिल्क केक, काजू कतली, बेसन, सेंव,



नमकीन, तेल, पेड़ा, रसगुल्ला और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

घी, मावा, पनीर, मिठाइयों के लिए नमूने

गुरुवार को धार शहर के बोहरा बाखल, बनियावाड़ी, राजवाड़ा और त्रिमूर्ति चौराहा क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। राजश्री घी भंडार, विजय श्री घी भंडार, रणजीत डेयरी, खंडेलवाल स्वीट्स, बड़नगर कचौरी वाला, बॉम्बे चौपाटी और बमबम स्वीट्स एंड नमकीन सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों से घी, मावा, पनीर, मिठाइयों, शेक, ब्रेड और नमकीन के नमूने लिए गए।निरीक्षण के दौरान कुक्षी के गोकुल डेयरी एवं स्वीट्स तथा धार के बड़नगर कचौरी वाला प्रतिष्ठान में साफ-सफाई की कमी पाई गई। इस पर दोनों संचालकों को सुधार सूचना नोटिस जारी किए गए हैं।

भोपाल की जांच रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुल 47 नमूने जांच के लिए भोपाल स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे हैं। अब इनकी जांच रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में गड़बड़ी या मिलावट की पुष्टि होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। त्योहारी सीजन में मिठाई और खाद्य पदार्थों की खपत बढ़ने के साथ विभाग की इस कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, वास्तविक स्थिति प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

10 देशी पिस्टल के साथ अलीगढ़ का बदमाश गिरफ्तार



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। त्योहारी सीजन में पुलिस ने अवैध हथियारों की बड़ी खेप तस्करी होने से पहले पकड़ी है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश राज्य के अलीगढ़ से जिले में अवैध हथियार खरीदने आए बदमाश को 10 पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त पिस्टल की कीमत 1 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 4 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम घुघरियाखेड़ी बस स्टॉप पर घेराबंदी की गई। यहां निगरानी के दौरान मुखबिर के बताए हुलिये के युवक के पहुंचने पर उसे पकड़ा गया। युवक ने अपना नाम हरेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता पुरण चन्द्र पांडे ग्राम बसोली जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का होना बताया। हरेन्द्र के पास मिले बैग की तलाशी लेने पर बैग में 10 हस्त निर्मित देशी पिस्टलें मिली। हरेन्द्र ने सिगनूर से यह अवैध हथियार खरीदना बताया है। पुलिस न्यायालय से हरेंद्र की रिमांड लेकर हथियार किससे खरीदे, कहां सप्लाय होने या कहां इस्तेमाल होने थे इसकी पूछताछ कर रही है। हरेंद्र सिगनुर के हथियार बेचने वाले से कैसे मिला इसकी भी जांच जारी है।

नंदगांव संकुल के विद्यालयों को मिली 85 बेंच सेट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खरगोन। कलेक्टर के मिशन बेंचमार्क अभियान के तहत सान्दीपनि विद्यालय टेमला की पहल से नंदगांव संकुल के कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों को 85 टेबल.बेंच सेट उपलब्ध कराए गए। टेबल.बेंच सेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा उद्योगपति एवं समाजसेवी नितिन पाटीदार ने विद्यार्थियों के लिए बेंच सेट वितरित किए।

शिक्षकों को मुख्य अतिथि पाटीदार ने कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। पाटीदार ने कहा कि नंदगांव संकुल के किसी भी विद्यालय में किसी प्रकार की कमी या आवश्यकता होने पर वे सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



हरसंभव सहयोग करने की प्रतिबद्धता

उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में हरसंभव सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य अशोक सिंह पंवार एवं समस्त शिक्षकों ने आपसी सहयोग से 1 लाख 10 हजार रुपये की राशि एकत्रित कर विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया। इस अवसर पर संतोष पाटीदार, मयाराम पाटीदार, कड़वा पाटीदार सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

व्यापारी के दो बैंक खातों से 41,499 पार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मंडलेश्वर। नगर के बड़वाह रोड निवासी व्यापारी परमानंद पिता राजाराम कर्मा साइबर ठगी का शिकार हो गए। अज्ञात साइबर ठगों ने उनके दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 41,499 की राशि निकाल ली।

व्यापारी ने मामले की शिकायत पुलिस थाने और राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर दर्ज करवाई है, लेकिन उनका आरोप है कि अब तक उन्हें पुलिस और बैंक की ओर



सहयोग नहीं मिल पाया है। परमानंद कर्मा ने बताया कि 20 अक्टूबर 2026 को उनका मोबाइल साइबर फ्रॉड की चपेट में आ गया था। इसके बाद उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से विभिन्न यूपीआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से 36,499 की राशि निकाल ली गई। वहीं, 2 नवंबर को उनके एचडीएफसी बैंक खाते से भी 5,000 की राशि कट गई। इस प्रकार उनके दोनों बैंक खातों से कुल 41,499 की धोखाधड़ी हुई है।

राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत

पीड़ित ने घटना के बाद मंडलेश्वर थाने में संबंधित दस्तावेज जमा करवाए तथा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से वे परेशान हैं। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में शिकायत करने पर अधिकारियों ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। वर्तमान में उनका बैंक खाता होल्ड पर है। पीड़ित व्यापारी परमानंद कर्मा ने पुलिस प्रशासन और बैंक अधिकारियों से मामले में उचित कार्रवाई करने, ठगी की राशि वापस दिलाने तथा होल्ड किए गए बैंक खाते को सुचारू रूप से चालू करवाने की मांग की है।

विधायक सचिन यादव ने किया क्षेत्र का सघन दौरा

चौपालों में ग्रामीणों से संवाद, लोकार्पण किए

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कसरावद। पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक सचिन यादव ने बुधवार को कसरावद विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित ग्राम चौपालों में ग्रामीणों से संवाद कर लोकतंत्र, मतदान के अधिकार और मतदाता सूची की शुचिता के महत्व पर चर्चा की। साथ ही दुगार्पुर एवं बरसलाय में 1 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। दौरे के दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा दिवंगतजनों के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं भी व्यक्त कीं।

अपने दौरे के दौरान विधायक यादव ने विभिन्न ग्रामों में ग्राम चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ह्यवोट बचाओ -देश बचाओ अभियान के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए



कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा और मतदाता सूची में पारदर्शिता बेहद आवश्यक है। मतदान का अधिकार केवल एक संवैधानिक अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र में आम नागरिक की सबसे महत्वपूर्ण भागीदारी है। इसकी रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने ग्रामीणों से लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा मतदाता सूची में अपने नाम एवं विवरण की जांच करने का आह्वान किया। ग्राम चौपालों में ग्रामीणों ने भी अभियान को लेकर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए।

दुगार्पुर में पंचायत भवन एवं उपस्वास्थ्य केंद्र किए समर्पित

विधायक यादव ने ग्राम दुगार्पुर में 20 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस भवन के निर्माण से ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्यों के लिए बेहतर एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। साथ ही पंचायत की प्रशासनिक गतिविधियों एवं ग्राम विकास के कार्यों के संचालन में भी सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम दुगार्पुर में 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण कर इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। इस उपस्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए अपनी भूमि दान कर जनसेवा की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत करने वाले कांग्रेस परिवार के श्री कल्याण बिरले एवं श्रीमती कैलाशबाई बिरले के प्रति विधायक श्री यादव ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया।

बरसलाय में उपस्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक भवन का लोकार्पण

विधायक ने ग्राम बरसलाय में 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र एवं 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन के प्रथम तल का लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों से ग्रामवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने के साथ ही सामाजिक एवं सामुदायिक आयोजनों के लिए भी सुविधाजनक स्थान मिलेगा।इस अवसर पर यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार और प्रत्येक गांव तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। पंचायत भवन, उपस्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाएं ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आगर-मालवा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी एवं स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती शक्ति राउत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि युवा उत्सव में जिले के युवाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

युवा उत्सव के अंतर्गत चित्रकला, कविता लेखन, लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक सहित अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कला एवं प्रतिभा



का प्रदर्शन किया। दिनभर चली प्रतियोगिताओं के अंत में विधायक माधव सिंह मधु गहलोत, जिला पंचायत सीईओ श्री बी.एस. सोलंकी, जिलाध्यक्ष श्री ओम मालवीय, श्री सागर वाधवानी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह रहे विजेता

प्रतियोगिता के तहत लोकगीत में प्रथम स्थान मुकेश, टीम बड़ौद, द्वितीय स्थान सांदीपनि स्कूल नलखेड़ा, तृतीय स्थान पीएम श्री विद्यालय सोयत। लोकनृत्य में प्रथम स्थान शासकीय विद्यालय श्यामपुरा सुसनेर, द्वितीय स्थान कमला सागर विद्यालय नलखेड़ा, तृतीय स्थान सांदीपनि विद्यालय सुसनेर। चित्रकला में प्रथम शीतल आर्य, द्वितीयतहरीम खान, तृतीय रोनक रहे, वहीं कविता लेखन में प्रथम परिधि जैन, द्वितीयस्तुति जैन, तृतीय अलवीरा खान एवं नुक्कड़ नाटक में प्रथम कमला सागर नलखेड़ा, द्वितीय महावीर जैन विद्यालय बड़ौद, तृतीय पीएम सोयत रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



भगवान महाकालेश्वर के आंगन से होगी दीपोत्सव की शुरुआत

चांदी के सिक्कों से महापूजा, गर्भगृह में जलेगी फुलझड़ी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। देश भर में मनाए जाने वाले पांच दिवसीय दीपोत्सव पर्व की शुरूआत इस बार भी सबसे पहले उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान महाकालेश्वर जी के आंगन से होगी। शुक्रवार को धनतेरस के पावन अवसर पर महाकालेश्वर मंदिर में सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे। इस दौरान पुजारी-पुरोहित भगवान महाकाल के साथ धन के देवता कुबेर और चांदी के सिक्कों का विशेष पूजन एवं अभिषेक करेंगे।

सुबह होने वाली अलसुबह की भस्म आरती में ही दीपोत्सव का भगवान श्रीगणेश हो जाएगा। परंपरा के मुताबिक, पंडे-पुजारी मंदिर के गर्भगृह में फुलझड़ी जलाकर दीपावली पर्व का विधिवत आरंभ करेंगे। इस दौरान बाबा महाकाल को चांदी का विशेष सिक्का भी अर्पित किया जाएगा।

नंदी हॉल में एक घंटे तक चलेगी महापूजा

भस्म आरती के पश्चात मंदिर के नंदी हॉल में पुरोहित समिति के पुजारियों द्वारा सुबह लगभग 9 बजे से भव्य महापूजा की शुरूआत की जाएगी। देश में वैभव, आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर होने वाली यह महापूजा करीब एक घंटे तक चलेगी। इस अनुष्ठान में सर्वप्रथम भगवान गणेश और माता महालक्ष्मी का पूजन होगा, जिसके बाद भगवान महाकाल का पंचामृत अभिषेक और रुद्राभिषेक संपन्न किया जाएगा।पुरोहित समिति के सदस्य लोकेश व्यास के अनुसार, यह पूरा अनुष्ठान लोक कल्याण और विश्व शांति की भावना के साथ किया जाता है। इस विशेष आयोजन में उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा सहित करीब दो दर्जन पंडे-पुजारी और प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित होंगे।

रूप चौदस पर उबटन और अमावस्या पर अन्नकूट

पुजारी महेश शर्मा ने जानकारी दी कि आगामी 8 नवंबर को तड़के भस्म आरती के दौरान 'रूप चौदस' का पूजन किया जाएगा। इस दौरान पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान महाकाल को पारंपरिक रूप से उबटन लगाएंगी। इसके बाद अमावस्या तिथि के आगमन पर मंदिर में मुख्य दीपावली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। दीपावली के इस विशेष अवसर पर बाबा महाकाल का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा तथा गर्भगृह में छप्पन भोग के साथ अन्नकूट का भव्य भोग अर्पित किया जाएगा। पर्व के सायंकाल में मंदिर परिसर स्थित ऐतिहासिक कोटितीर्थ कुंड के तट पर हजारों दीपमालाएं प्रज्वलित की जाएंगी। इस प्रकार धनतेरस से लेकर भाई दूज तक महाकाल मंदिर में पारंपरिक और सांस्कृतिक उत्सव की धूम रहेगी।

उज्जैन-गरोठ हाईवे: शुरू होने से पहले ही धंसने लगे ब्रिज के पैनल

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। करीब 2600 करोड़ रुपए की भारी-भरकम लागत से बनाए जा रहे महत्वाकांक्षी उज्जैन-गरोठ फोरलेन हाईवे की निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। इस हाईवे पर अभी यातायात विधिवत शुरू भी नहीं हुआ है, लेकिन आगर रोड के ऊपर बने ब्रिज के कई पैनल तिरछे होकर धंसने लगे हैं। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि कुछ स्थानों पर पैनलों के बीच का अंतर काफी बढ़ गया है और उनके उखड़ने व गिरने की आशंका साफ दिखाई दे रही है।

ब्रिज की इस खतरनाक स्थिति को छुपाने या तात्कालिक राहत के नाम पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने अजीबोगरीब तरीका अपनाया है। पैनलों को बाहर निकलने से रोकने के लिए मजदूरों की मदद से हाईवे के दोनों तरफ करीब 7 से 8 बड़े लोहे के सरिये ठोक दिए गए हैं। इस गंभीर लापरवाही के सामने आने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने पूरी तरह चुप्पी साध रखी है।



सांसद ने दर्ज कराई उच्चाधिकारियों को शिकायत

मामले की गंभीरता को देखते हुए उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया ने एनएचएआई के उच्चाधिकारियों के पास इसकी कड़ी शिकायत दर्ज कराई है, हालांकि अब तक किसी भी दोषी अधिकारी या एजेंसी पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में जब मीडिया द्वारा सांसद फिरोजिया से संपर्क साधने की कोशिश की गई, तो उनका पक्ष नहीं मिल सका।

डेडलाइन खत्म, फिर भी अधूरा है हाईवे का काम

उज्जैन को सीधे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाला यह गरोठ हाईवे आगामी 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के मद्देनजर बेहद महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण कार्य मार्च 2022 में शुरू हुआ था। लगभग 136.1 किलोमीटर लंबे इस एक्सेस-कंट्रोल्ड फोरलेन हाईवे का निर्माण कार्य एक साल पहले ही पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन सुस्त रफ्तार के चलते अब तक केवल 90 प्रतिशत काम ही पूरा हो पाया है। इसके अलावा, नागझिरी के पास देवास रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नजदीक तकनीकी खामी के कारण सड़क का करीब 500 मीटर हिस्सा पहले ही धंस चुका है, जिसे अब ठलूअक द्वारा पूरी तरह तुड़वाकर नए सिरे से बनवाया जा रहा है।

एनएचआई ने दी सफाई, विशेषज्ञों ने उठाए सवाल

मामले में सफाई देते हुए एनएचआई उज्जैन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर शिवम शर्मा ने दावा किया है कि आरई वॉल पर किया गया कार्य 'सॉइल नेलिंग' तकनीक है। उनके अनुसार, यह संरचना को लंबे समय तक मजबूती प्रदान करने वाली विश्व स्तर पर प्रमाणित और मानक इंजीनियरिंग प्रक्रिया है, जिसे सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए एहतियात के तौर पर अपनाया गया है।

बहरहाल, नागझिरी के पास 500 मीटर सड़क खराब होने और चंदेसरी के पास रेलवे ब्रिज का काम अधूरा होने के कारण अभी इस मार्ग पर आवागमन शुरू नहीं हो पाया है। शुरूआती चरण में ही निर्माण गुणवत्ता की पोल खुलने से करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार और भारी लापरवाही के गंभीर आरोप लग रहे हैं।

5 साल से फरार आरोपी रतलाम से पकड़ाया

शाजापुर। डोडा चूरा तस्करी के मामले में पांच साल से फरार चल रहे आरोपी को मंगलवार को मक्सी पुलिस ने रतलाम जिले से गिरफ्तार किया है। बुधवार को आरोपी श्यामा उर्फ श्यामलाल पाटीदार (43) निवासी ग्राम सेमलिया लाया गया। आरोपी पर 10 हजार रुपए का स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी था।

पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर और एसडीओपी डॉ. नागेंद्रप्रताप सिंह के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक मदन इवने के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ग्राम सेमलिया में है। इसके बाद टीम ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शाजापुर न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मदन इवने, सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह बुंदेला, प्रधान आरक्षक आनंद शर्मा, राजेश जाट और नीलेश जामलिया की भूमिका रही। पुलिस के अनुसार फरार और इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी रहेगा।

20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए एडीएम कार्यालय का बाबू गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। मध्य प्रदेश के उज्जैन कलेक्ट्रेट कार्यालय में लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अपर कलेक्टर (एडीएम) कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 (बाबू) रोहित गोठवाल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी ने उज्ज्वला योजना के तहत फर्जी गैस सिलेंडर वितरण के एक मामले में शिकायतकर्ता के पक्ष में कार्रवाई करने की एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इस कार्रवाई के बाद से प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, नागदा के बिरलाग्राम निवासी बृजेश विश्वकर्मा ने 29 अक्टूबर को लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) के पास शिकायत दर्ज कराई थी। बृजेश के मुताबिक, वर्ष 2019 में उनकी मां विजयलक्ष्मी के नाम पर उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन स्वीकृत हुआ था, लेकिन उन्हें न तो गैस कनेक्शन मिला और न ही सिलेंडर। आरोप है कि उनके नाम पर जारी 14 गैस सिलेंडर किसी अन्य व्यक्ति को अवैध रूप से वितरित कर दिए गए। इस धांधली की शिकायत बृजेश ने कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में की थी, जिसके बाद जांच खाद्य विभाग को सौंपी गई। खाद्य विभाग की जांच के पश्चात यह पूरा प्रकरण आगे की कार्रवाई के लिए एडीएम कार्यालय पहुंचा था।

रिश्वत की पहली किश्त लेते धराया बाबू

शिकायतकर्ता बृजेश विश्वकर्मा का आरोप है कि एडीएम कार्यालय में पदस्थ बाबू रोहित गोठवाल ने इस मामले में जांच रिपोर्ट उनके पक्ष में करने और राहत दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपए की मांग की थी। लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद योजनाबद्ध तरीके से गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में ट्रैप कार्रवाई की। जैसे ही बृजेश ने आरोपी रोहित गोठवाल को 20 हजार रुपए की नकदी सौंपी, लोकायुक्त दल ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। लोकायुक्त अधिकारी दीपक सेजवार ने रिश्वतखोरी की इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। यह पूरी कार्रवाई एसपी विनोद कुमार दीक्षित के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

एडीएम की भूमिका पर कांग्रेस नेता ने उठाए सवाल

इस लोकायुक्त कार्रवाई के बाद राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने एडीएम अतेन्द्र सिंह गुर्जर की कार्यप्रणाली और भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय प्रकरणों में अंतिम निर्णय या राहत देने का अधिकार सक्षम अधिकारी का होता है, न कि किसी बाबू का। पोरवाल ने सवाल उठाया कि बिना किसी उच्च अधिकारी के संरक्षण या मिलीभगत के कोई कर्मचारी इतनी बड़ी रकम की मांग कैसे कर सकता है। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण में एडीएम की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए और संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें भी आपराधिक साजिश का सह-आरोपी बनाया जाए। फिलहाल लोकायुक्त पुलिस इस मामले के अन्य पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है।

तीसरे वेतन संशोधन की मांग को लेकर बीएसएनएलकर्मियों का प्रदर्शन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने तीसरे वेतन संशोधन की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में कर्मचारियों ने उज्जैन रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय पर प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

बीएसएनएल एम्प्लाइज यूनियन के जिला सचिव शकील खान, एनएफटीई के जिला सचिव प्रवीण भाना एवं एसएनईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष समाधिया ने बताया कि ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल (एयूएबी) ने मांगों के निराकरण के लिए 20 नवंबर को देशव्यापी हड़ताल करने की घोषणा की है। संगठन के अनुसार कर्मचारियों का तीसरा वेतन संशोधन 1 जनवरी 2017 से लंबित है। पिछले नौ वर्षों से वेतन संशोधन लागू नहीं होने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों में नाराजगी है। कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि वहनीयता संबंधी शर्त (अफोर्डेबिलिटी क्लॉज) में छूट प्रदान कर तीसरे वेतन संशोधन को शीघ्र लागू किया जाए।

20 नवंबर को देशव्यापी हड़ताल की चेतावनी

एयूएबी संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि 19 नवंबर तक उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता है, तो 20 नवंबर को देशभर में बीएसएनएल कर्मचारी एवं अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। हालांकि, आंदोलन के दौरान आवश्यक दूरसंचार सेवाओं एवं आपातकालीन सेवाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा।

कुबेर देवता की 101 दीपकों से होगी महाआरती

देवास। धनतेरस के अवसर पर मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा मां चामुंडा की टेकरी पर स्थित कुबेर देवता की शाम को 4:00 बजे पांच नदियों के पवित्र जल से स्नान कराकर 101 दीपकों से महाआरती कर पूजा अर्चना की जाएगी। बैंक नोट प्रेस बीएनपी सेवा समिति द्वारा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर बैंक नोट प्रेस के मुख्य महाप्रबंधक आशुतोष कुमार, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल कमांडेंट संदीप कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, महाप्रबंधक एस एस राठौर के आतिथ्य में सुबह 9:30 बजे कुबेर देवता की पूजा अर्चना कर महा आरती की जाएगी। समिति के संयोजक रामेश्वर जलोदिया, उम्मेद सिंह राठौड़, इंदर सिंह गोड़, अमित सिंह राठौर, दिनेश सांवलिया, अभिषेक अवस्थी, अवधेश तिवारी, शशिकांत गुप्ता, ने भाग लेने का आग्रह किया है।

विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया संवाद कौशल

सेन थॉम एकेडमी ने जीती द आइडियासमिट - पैनल ऑफ पर्सपेक्टिव्स प्रतियोगिता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। सेन थॉम एकेडमी के विद्यार्थियों ने अंतरविद्यालयीन प्रतियोगिता द आइडियासमिट - पैनल ऑफ पर्सपेक्टिव्स में शानदार जीत हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञान सागर इंटरनेशनल, देवास द्वारा डीसीएससी के तत्वावधान में किया गया।

इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के सात प्रतिष्ठित विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, आत्मविश्वास, संवाद कौशल तथा विचारोत्तेजक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। सेन थॉम एकेडमी का प्रतिनिधित्व



करने वाली टीम मेंइशिता शर्मा, शांभवीमिश्रा, अलीशाजुबेरी, सान्वीखट्टर एवं अन्वी शर्मा शामिल थीं।

विषय की गहन समझ से किया प्रभावित

टीम के सदस्यों ने अपने सारगर्भित विचारों, प्रभावशाली अभिव्यक्ति एवं विषय की गहन समझ से निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन ने युवा प्रतिभाओं को अपने विचारों के आदान-प्रदान, सार्थक संवाद तथा सामूहिक रूप से सीखने के कौशल को विकसित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने विजेता टीम को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। कलेक्टर डॉ. परीक्षित संजय राव झाड़े ने मक्सी में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने शहरी हाईवे की सीसी रोड, पुलिस आवास, फिल्टर प्लांट, सिविल अस्पताल, तालाब सौंदर्यीकरण और बायपास का निरीक्षण कर अधिकारियों से काम की प्रगति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने सबसे पहले मक्सी में बन रही शहरी हाईवे की सीसी रोड का निरीक्षण किया। इसके बाद वे मक्सी थाने पहुंचे। यहां सिंहस्थ के दौरान पुलिसकर्मियों के ठहरने के लिए बनाई जा रही बिल्डिंग का काम देखा। कलेक्टर ने निमार्णाधीन सिविल अस्पताल और तालाब के सौंदर्यीकरण के काम का निरीक्षण किया। उन्होंने उज्जैन-इंदौर मार्ग को जोड़ने वाले निमार्णाधीन बायपास की स्थिति भी देखी। कलेक्टर ने अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

कार्रवाई 10 लाख रुपए से अधिक के पटाखे जब्त, आरोपी गिरफ्तार

अवैध पटाखों का जखीरा मिला

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। शहर में अवैध रूप से पटाखों के भंडारण के खिलाफ प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चंद्र तारा कॉलोनी स्थित एक मकान पर दबिश दी। यहां से 10 लाख रुपए से अधिक कीमत के पटाखे बरामद किए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 87 विभिन्न प्रकार के पटाखों के कुल 21 कार्टन जब्त किए, जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख 558 रुपए बताई गई है। मामले में मकान मालिक रजत अग्रवाल (34) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के आरोपी आरोपी से अवैध पटाखों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंद्र तारा कॉलोनी स्थित मकान नंबर 281 में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री का भंडारण किया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, तहसीलदार एवं थाना प्रभारी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। तलाशी के दौरान



मकान से बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार के पटाखे बरामद हुए।

पुलिस ने मौके से जब्त किए पटाखों के 21 कार्टन

पुलिस ने मौके से पटाखों के 21 कार्टन जब्त किए। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 10,00,558 रुपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 351/2026 के तहत धारा 288 बीएनएस, धारा 163 (1) बीएनएसएस एवं धारा 9 (ख) विस्फोटक अधिनियम 1884 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पटाखों के अवैध भंडारण एवं विक्रय पर निगरानी

प्रशासन द्वारा जिले में पटाखों के अवैध भंडारण एवं विक्रय पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। निर्धारित लाइसेंस शर्तों, भंडारण क्षमता और अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का उद्देश्य रहवासी क्षेत्रों में संभावित आगजनी एवं गंभीर दुर्घटनाओं को रोकना और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि रहवासी क्षेत्रों में यदि कहीं भी पटाखों का अवैध भंडारण दिखाई देता है तो तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम अथवा डायल-112 पर सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

छोटे फुटकर व्यापारियों से राजस्व वसूली नहीं होगी

देवास। महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल ने नगर निगम राजस्व विभाग को निर्देशित किया है कि दीपावली के पर्व को देखते हुए छोटे फुटकर व्यापारियों से किसी भी प्रकार की राजस्व वसूली नहीं की जाएगी। महापौर ने बताया कि नगर निगम के समस्त क्षेत्र में जो छोटे व्यापारी दिया, बाती, पूजन सामग्री एवं अन्य फुटकर सामग्री ठेले पर या नीचे जमीन पर बैठकर विक्रय कर अपना व्यवसाय करते हैं, उनसे दीपावली के पूर्व एवं दीपावली के एक दिन पश्चात तक निगम द्वारा कोई शुल्क वसूली नहीं की जावेगी। शेष बड़े व्यवसायियों के लिए नियमानुसार आदेश यथावत रहेगा। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने नगरवासियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि दीपावली का त्योहार खुशियां बांटने का त्योहार है, इसलिए इस दीपावली पर हम सभी संकल्प लें कि पूजन सामग्री एवं अन्य छोटी जरूरतों की खरीदी हमारे इन्हीं छोटे फुटकर भाई-बहनों से करें, ताकि उनकी भी दीपावली रोशन हो सके।

विद्यार्थियों ने बनाई आकर्षक रंगोली

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। एबी रोड स्थित पं. बालकृष्ण शर्मा नवीन कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य प्रो. मीनू गिडवानी के मार्गदर्शन में युवा उत्सव आयोजन के दूसरे दिन भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

युवा उत्सव कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. श्वेता चौहान ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग, व्यंग्य चित्र प्रतियोगिता, चित्रकला, कोलाज, पोस्टर निर्माण, प्रश्नमंच, वाद-विवाद और भाषण प्रतियोगिता हुई। उक्त प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। इस दिन आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में दीपिका पडिहार, अर्पिता गुर्जर, अभिलाषा गुर्जर, अंशा कारपेंटर, हसां गोयल, आशा मालवीय, तनुजा शितौले, मधुबाला परमार, खुशी जाटवा, आचंल सोलंकी, बालकृष्ण सौराष्ट्रीय ने सहभागिता कर सुन्दर रंगोली बनाई। क्ले माडलिंग में राजनंदनी लौधी, आशा मालवीय, तनुजा शितौले, मधुबाला परमार, हरिओम, योगेश बारोड़ ने सहभागिता की। कार्टून निर्माण में विधि नामदेव, अर्पिता देवडा, इकरा मंसूरी, धर्मेन्द्र ने सहभागिता की। पोस्टर निर्माण में बालकृष्ण सौराष्ट्रीय, पंकज अहिरवार ने सहभागिता



की। चित्रकला प्रतियोगिता में आंचल सोलंकी, अभिलाषा गुर्जर, विधि नामदेव, भूपेन्द्र गुर्जर, खुशी जाटवा, अर्पिता गुर्जर, भाषण प्रतियोगिता में भारतीय ज्ञान परंपरा विकसित भारत की आधारशीला विषय पर हर्षिता राठौर, विधि नामदेव हंसा गोयल ने सहभागिता करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इसी प्रकार वाद-विवाद, प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. दिनेश निंगवाल, डॉ. आरसी चौहान, डॉ. बीएल मालवीय, डॉ. प्रवीणकुमार सोनी, प्रो. प्रिया जोशी, प्रो. अभिषेक पाटीदार आदि उपस्थित थे।

राजनीतिक पुनर्वास की जद्दोजहद में जुटीं हैं ममता मीना



मृदुभाषी, अभिषेक शर्मा

गुना। एक लंबे समय से राजनीतिक वनवास झेल रहीं पूर्व भाजपा नेत्री एवं वर्तमान आप नेता श्रीमती ममता मीना के कांग्रेस में जाने के अटकलें इन दिनों तेज है। वजह भी शीशे की तरह साफ है। दरअसल हाल ही में ममता मीणा ने एक समय के अपने धुर विरोधी पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' का अपनी पूर्व विधानसभा चाचौड़ा में जोरदार स्वागत करते हुए दिग्विजय सिंह की राह में गेंदे के फूल भी बिछाए। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह फूल सिर्फ दिग्विजय सिंह की राह में नहीं बिछाए गए, बल्कि ममता मीना इससे अपना कांग्रेस में जाने का मार्ग तैयार कर रहीं हैं । अगर ममता मीना अपने मकसद में कामयाब होती हैं तो इससे ममता मीणा का खुद का राजनीतिक पुनर्वास तो होगा ही, वही चाचौड़ा में कांग्रेस के लिए भी यह एक संजीवनी साबित होगी। बशर्ते कांग्रेस अपने अंदरूनी समीकरण को सही से साथ सके। इतना ही नहीं, चाचौड़ा का पूरा राजनीतिक परिदृश्य भी इससे बदलने की संभावना है। बताना जरूरी होगा कि चाचौड़ा विधानसभा सीट कांग्रेस का परंपरागत गढ़ रही है। दिग्विजय सिंह खुद खुद वर्ष 1993 में इसी विधानसभा से जीतकर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे।2013 में कांग्रेस के इस गढ़ को भाजपा प्रत्याशी के रूप में ममता मीना ने ही भेदकर यहां भाजपा की राह तैयार की थी।

उल्लेखनीय की ममता मीणा ने अपना राजनीतिक सफर भाजपा के साथ शुरू किया था। जिला पंचायत अध्यक्ष रहने के बाद 2008 में उन्होंने चाचौड़ा विधानसभा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। हालांकि कांग्रेस नेता शिवनारायण मीणा से उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जिसका बदला उन्होंने वर्ष 2013 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में ही शिवनारायण मीणा को हराकर लिया। 2018 में भाजपा ने फिर एक बार उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया, किन्तु यह चुनाव वह कांग्रेस प्रत्याशी एवं दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह से हार गईं। भाजपा से यह उनका आखिरी चुनाव भी रहा। वर्ष 2023 में उनके स्थान पर भाजपा ने नई नवेली नेत्री प्रियंका मीणा पर भरोसा जताया। अपने चिर-परिचित स्वभाव के अनुरूप इससे नाराज होकर ममता मीना ने भाजपा छोड़कर आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ा। कांग्रेस से प्रत्याशी रहे लक्ष्मण सिंह। ममता मीना न सिर्फ चुनाव हारी, बल्कि तीसरे स्थान पर आईं। इस हार के बाद से ही ममता मीना राजनीतिक नेपथ्य में है। अब चूंकि चाचौड़ा में भाजपा ने प्रियंका मीना के रूप में नया नेतृत्व स्थापित कर लिया है। ऐसे में ममता मीना के लिए भाजपा में वापस जाकर अपना पुराना राजनीतिक कद पाना लगभग नामुमकिन सा हो गया है और आम आदमी पार्टी का प्रदेश तो छोड़िए क्षेत्र में भी हाल फिलहाल कोई बड़ा राजनीतिक वजूद नहीं है। इस लिहाज से एकमात्र कांग्रेस ही बचती है। जिसमें वह अपना राजनीतिक भविष्य तलाश सकतीं है और यहीं वह कर भी रहीं हैं। दिग्विजय सिंह की यात्रा में उनके स्वागत और सार्वजनिक रूप से भाजपा सरकार के साथ कांग्रेस में गद्दार के रूप में कुख्यात केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधने से साफ संकेत मिलता है कि ममता मीना कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से सामंजस्य बनाने की कोशिश में हैं। उनकी यह कोशिश कितनी कामयाब होती है यह तो समय बताएगा। हालांकि इससे पहले एक बड़ा सवाल यह भी है कि अगर ममता मीणा कांग्रेस में आतीं है तो क्या कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें अपना प्रत्याशी बनाएगी। इसकी प्रबल संभावना तो है, किन्तु कांग्रेस के अंदरूनी समीकरण इसकी इजाजत नहीं देते। कारण भले ही कांग्रेस से लक्ष्मण सिंह की विदाई हो चुकी हो, किन्तु कई अन्य क्षेत्रीय दिग्गज भी। है जो अपनी आंखों में टिकट का सपना सालों नहीं, दशकों से संजोए हुए हैं। उनका यह सपना तोड़ना कांग्रेस के लिए आसान नहीं होगा, वही राहुल गांधी को कोसने और कांग्रेस से निकाले जाने के बावजूद लक्ष्मण सिंह की उम्मीदें भी पूरी तरह खत्म हो गईं होगी। यह मानना ठीक नहीं होगा। भाजपा के लिए जरूर इससे मुश्किल बढ़ सकती है। पार्टी को तीन मोर्चे पर लड़ाई लड़ना पड़ेगी। पहला चाचौड़ा में पूर्ववर्ती राघौगढ़ राजघराने का प्रभाव, दूसरा मीणा मतों का विभाजन, तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण स्वाभाविक सत्ता विरोधी लहर।कुल मिलाकर ममता मीना की राजनीतिक पुनर्वास की यह कोशिश चाचौड़ा विधानसभा को आगामी दिनों में प्रदेश की सबसे चर्चित विधानसभाओं में शामिल कर सकती है।



सेवा ही संकल्प: शंकरपुर टोरिया बस्ती में मनाई अनोखी दीपावली

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। रेड क्रॉस सोसायटी एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शंकरपुर टोरिया बस्ती में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं दीपावली समारोह का आयोजन किया गया।

शिविर में 70 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सामान्य वायरल फीवर एवं अन्य बीमारियों की निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इसके साथ ही दीपावली की खुशियां बांटने के लिए बस्ती के 50 घरों में पटाखे, मिठाई, दीपक, पूजा सामग्री एवं कंबल वितरित किए गए। बच्चों और परिवारों में दीपावली की खुशी देखते ही बन रही थी। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ जय मंडल सिंह यादव, सेवा भारती जिला अध्यक्ष संजय रघुवंशी, संगठन मंत्री प्रमोद यादव, डॉ अनुराधा यादव, डॉ सिद्धि यादव डॉ दीपक मिश्रा डॉ हरवीर रघुवंशी डॉ राजकुमार शर्मा देवेंद्र अग्रवाल अंकित छावड़ा हितेन्द्र बुधौलिया भूपेंद्र रघुवंशी राजकुमार रघुवंशी रामेति रघुवंशी सहित सोसायटी एवं सेवा भारती के अन्य सदस्य व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दीपावली से पहले शहर कचरा-कचरा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। अपनी लंबित मांगों और समस्याओं के निराकरण की गुहार लगा रहे सफाई कर्मचारियों के आंदोलन पर जाते ही गुना शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। प्रदेशव्यापी आह्वान के तहत बुधवार से काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए सफाईकर्मियों के इस कदम का व्यापक असर दूसरे ही दिन नजर आने लगा है।

शहर की मुख्य सड़कों, तंग गलियों और व्यस्त व्यावसायिक केंद्रों में कचरे के अंबार लगने शुरू हो गए हैं। स्थानीय सराफा बाजार जैसे गुलजार रहने वाले व्यापारिक इलाकों में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है, जहां दुकानदारों और व्यवसायियों द्वारा सड़क पर ही कचरा फेंक दिए जाने से स्थिति और भी विकट हो गई है। त्यौहार के ऐन मौके पर सफाई व्यवस्था ठप होने से आम नागरिक, स्थानीय व्यापारी और स्वयं नगरपालिका प्रशासन गंभीर संकट के मुहाने पर आकर खड़े हो गए हैं। हड़ताल पर डटे सफाई कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि वे लंबे समय से अपनी वाजिब और न्यायसंगत मांगों को लेकर शासन-प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल खोखले आश्वासनों से ही बहलाया जाता रहा है। लगातार उपेक्षा और सुनवाई न होने से क्षुब्ध होकर आखिरकार उन्हें काम बंद कर सड़क पर उतरने का कड़ा रास्ता अख्तियार करना पड़ा। कर्मचारी यूनियन के जिलाध्यक्ष महेश पारौचिया ने तीखा आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और संबंधित जिम्मेदार अधिकारी सफाई कामगारों की पीड़ा और समस्याओं की ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने वाले इन कर्मचारियों को न तो शासन की ओर से उचित बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं और न ही उनके बुनियादी हितों



की रक्षा की जा रही है।

कर्मचारी बोले-हम तो अपना अधिकार मांग रहे हैं

कर्मचारियों ने अपनी व्यथा उजागर करते हुए बताया कि उनसे दिन-रात नियमित रूप से कठिन श्रम लिया जाता है, लेकिन जब उन्हें मिलने वाले हक और सुविधाओं की बात आती है तो लगातार टालमटोल की नीति अपनाई जाती है। आलम यह है कि कर्मचारियों को भीषण गर्मी और कड़ाके की सर्दी के मौसम के अनुसार मिलने वाली आवश्यक वर्दी, बरसाती और दैनिक उपयोग की तेल-साबुन जैसी अत्यंत मामूली सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। हद तो तब हो जाती है जब शहर का कूड़ा-कचरा उठाने और झाड़ू लगाने के लिए जरूरी उपकरण जैसे झाड़ू, डलिया, पंजे आदि भी कर्मचारियों को अपने स्तर पर जुटाने पड़ते हैं या फिर इनके अभाव में ही जैसे-तैसे काम चलाना पड़ता है। अधिकारियों के चौखट पर बार-बार गुहार लगाने के बाद भी उनकी शिकायतों और जायज मांगों को सुनने-समझने वाला कोई नहीं है।

एक महीने में 3 बार बता चुके हैं मांगें

आंदोलनकारी कर्मचारियों ने बताया कि इस बेमुद्दत कामबंद हड़ताल पर जाने से पहले उन्होंने विधिवत तरीके से विरोध दर्ज कराने के तमाम लोकतांत्रिक चरण पूरे किए थे। बीते माह की 22 तारीख को प्रशासन को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था।

इसके बाद 28 तारीख को सभी कर्मचारियों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया था और 31 तारीख को जोरदार नारेबाजी करते हुए शासन-प्रशासन की नींद खोलने का भरपूर प्रयास किया था। जब इन तमाम शांतिपूर्ण और चरणबद्ध विरोध प्रदर्शनों के बावजूद सरकार और स्थानीय प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल या ठोस बातचीत का न्योता नहीं मिला, तब जाकर कर्मचारियों को मजबूरन काम पूरी तरह बंद करने जैसा कठोर निर्णय लेना पड़ा।

मुख्य चौराहों पर कचरा और बदबू से लोग परेशान

हड़ताल के दूसरे दिन ही शहर के अलग-अलग चौराहों और प्रमुख बाजारों में बदबूदार कचरा जमा हो जाने से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भारी दिक्कतों व फजीहत का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में दीपावली का सबसे बड़ा पावन पर्व है, जिस पर लोग अपने घरों और आसपास के परिसरों को साफ-सुथरा देखना चाहते हैं। ऐसे में यदि समय रहते सफाई कर्मियों और शासन-प्रशासन के जिम्मेदार नुमाइंदों के बीच कोई बीच का रास्ता या सकारात्मक हल नहीं निकाला गया, तो इस साल गुना शहरवासियों को कचरे के भारी ढेर और बदबू के बीच ही दीपावली का त्योहार मनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

अवैध विस्फोटक और पटाखों का भंडारण करने वाले तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। जिले में अवैध विस्फोटक सामग्री और पटाखों के अवैध भंडारण एवं विक्रय के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश तथा एसडीओपी चंदेरी महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कदवाया पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर तीन आरोपियों के कब्जे से कुल 46,100 रुपए कीमत के अवैध पटाखे और विस्फोटक सामग्री जब्त की है।

थाना कदवाया पुलिस को 4 नवंबर 2026 को मुखबिर के जरिए क्षेत्र में अवैध रूप से पटाखे और विस्फोटक सामग्री बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इस पर त्वरित कार्रवाई



करते हुए पुलिस टीम ने कदवाया क्षेत्र में संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान पहले आरोपी अब्दुल अहद (पुत्र शरीफ खान, उम्र 18 वर्ष, निवासी कदवाया) के कब्जे से लगभग 9,100 रुपए कीमत के विभिन्न प्रकार के पटाखे और आतिशबाजी सामग्री बरामद की गई। इसके बाद, दूसरे आरोपी प्रवीण जैन (पुत्र केशरीचंद जैन, उम्र 43 वर्ष) के पास से लगभग 22,000 रुपए कीमत के अनार, सुतली बम, फुलझड़ी, रॉकेट और अन्य आतिशबाजी सामग्री जब्त की गई। वहीं, तीसरे आरोपी सीताराम साहू (पुत्र जवाहरलाल साहू, उम्र 55 वर्ष) के कब्जे से लगभग 15,000 रुपए कीमत की विभिन्न आतिशबाजी सामग्री पकड़ी गई।

विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 46,100 रुपए मूल्य की अवैध विस्फोटक सामग्री को विधिवत जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 288 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 5/9(ख) के तहत पृथक-पृथक प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने में थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन, आरक्षक विनोद यादव, चंद्रभान सिंह, प्रीतम तोमर, रवि राणा और अरशद अली की सराहनीय भूमिका रही।

चंदेरी विधायक की मां के निधन पर श्रद्धांजलि सभा में आज आएंगे मुख्यमंत्री

अशोकनगर। चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की माताजी का पिछले दिनों निधन हो गया था जिनकी स्मृति में पैतृक ग्राम अजलेश्वर में कल 6 नवंबर को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार शाम 4:35 बजे उनके पैतृक ग्राम अजलेश्वर पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे । मुख्यमंत्री इस दौरानन शोक संतृप्त परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने ढांढ़स बंधायेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के पश्चात शाम 5:05 पर वापस भोपाल के लिए रवाना होंगे।



तीन गांवों में दबिश देकर 300 किलो लाहन नष्ट



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और उपायुक्त आबकारी ग्वालियर संभाग संदीप शर्मा के निर्देशों पर जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में 5 नवंबर को आबकारी टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन के नेतृत्व में टीम ने ग्राम निर्भयगढ़, बजरंगगढ़ और विसोनिया में अचानक दबिश दी। इस दौरान मौके से कुल 40 लीटर हाथभट्टी शराब, 11 पाव देशी मदिरा और 300 किलोग्राम गुड़ लाहन बरामद किया गया। निर्भयगढ़ में नदी किनारे लाहन और हाथभट्टी मदिरा पाई गई, हालांकि आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया जिसकी तलाश की जा रही है। परिवहन की असमर्थता के चलते 300 किलो गुड़ लाहन का सेम्पल लेकर शेष सामग्री को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। जब्त की गई कुल सामग्री का अनुमानित मूल्य करीब 45 हजार रुपये बताया गया है।



300 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को बांटी गई उपहार किट

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। दीपावली के पावन पर्व पर आनंद विभाग द्वारा चलाए गए 'हर घर दिवाली अभियान' के तहत जिले के तीन गांवों के 300 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को उपहार किट वितरित किए गए।

जिला प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से बच्चों के चेहरों पर अनूठी खुशी और दीपावली का उत्साह साफ नजर आया। अभियान के तहत अधिकारियों ने ग्राम विनायकखेड़ी, सोजनाचक और कंचनपुरा के प्राथमिक विद्यालयों और बस्तियों में पहुंचकर बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान अधिकारियों ने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली और उन्हें सुरक्षित तथा पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने की समझाइश दी। बच्चों को आतिशबाजी के समय विशेष सावधानी बरतने और बड़ों की देखरेख में ही उत्सव मनाने का संदेश दिया गया। आनंद विभाग की विभिन्न गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मकता, मानसिक प्रसन्नता और जीवन के प्रति उत्साह का भाव जगाना है।

रामभक्त जागो, चंदे का हिसाब मांगो : दिग्विजय

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। उज्जैन से अयोध्या की ओर बढ़ रही पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान पदयात्रा' अपने 17वें दिन राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों में पहुंची। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने वर्ष 1993 में अपने द्वारा दिए गए चर्चित नारे #रामभक्त जागो, चंदे का हिसाब मांगोर को दोहराते हुए विश्व हिंदू परिषद और केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देश में एक तरफ वोट चोरी हो रही है तो दूसरी तरफ भगवान के नाम पर चढ़ोत्री में भी चोरी की जा रही है। पदयात्रा के दौरान विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि देश में लोकतंत्र बचेगा या नहीं। जिस तरह से मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर किया जा रहा है और कांग्रेस समर्थकों के वोट काटे जा रहे हैं, उससे नागरिकों के



अधिकारों पर सीधा हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने मतदाता सूची के इस हेरफेर और वोट चोरी को उजागर किया है, जिसके प्रति जन-जन को जागरूक करने के लिए ही उन्होंने 80 साल की उम्र में यह पदयात्रा शुरू की है।

ईवीएम और चंदा चोरी पर बोला हमला

ईवीएम पर अपनी बात रखते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया में केवल 7 देश ऐसे हैं जहां मशीन से वोट डाले जाते हैं और वहां भी मतदाता को रसीद दी जाती है। वहीं विहिप पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के नाम पर 1993 से लगातार चंदा उगाया गया, लेकिन उसका कोई हिसाब नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बात प्रमाणित हो चुकी है कि चंदा चोरी हुई है, लेकिन निष्पक्ष जांच कराने के बजाय चोरी करने वालों को ही गवाह बना दिया गया है।

17वें दिन का सफर और दिग्गजों की मौजूदगी

गुरुवार को पदयात्रा ग्राम सागर से शुरू होकर पीलाघाटा जोड़, फेकरा, मोतीपुरा जोड़, बसंतपुरा जोड़, सावतखेड़ी, संजय सागर बांध जोड़, रामनगर, नौहर जोड़ और कडैया जोड़ होते हुए पाटई स्थित आश्रम पहुंची। जहां प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में आरती और पूजन-अर्चन के बाद यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ। यात्रा में स्थानीय नेताओं के साथ-साथ राजस्थान से आए कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी शामिल हुए।

मंच पर दिग्विजय सिंह के साथ मौनी बाबा भी नजर आए, जो पूरी यात्रा में उनके साथ पैदल चल रहे हैं और अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन करेंगे। इसके अलावा मंच पर 83 वर्षीय एक बुजुर्ग भी मौजूद रहे, जिन्होंने साइकिल से मां वैष्णोदेवी सहित देश के कई धार्मिक स्थलों की यात्रा की है। दिग्विजय सिंह ने पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और उनके साथियों द्वारा यात्रा के लिए किए जा रहे कठिन परिश्रम की सराहना की तथा समर्थकों से आह्वान किया कि जब तक इस यात्रा का उद्देश्य जन-जन तक नहीं पहुंचेगा, तब तक यह अभियान पूरा नहीं होगा।

दीपावली पर सुरक्षा को लेकर गुना पुलिस सख्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुना जिले में पुलिस ने व्यापक चेकिंग और भ्रमण अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने होटल, ढाबों, लॉज और अन्य संदिग्ध ठिकानों की सघन जांच की। अभियान के दौरान अवैध शराब की बिक्री, मादक पदार्थों के परिवहन, अवैध पटाखों के भंडारण, जुआ-सट्टा और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जांच में अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए लोगों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। त्योहारी सीजन में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए शहर के प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, सार्वजनिक स्थलों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने लगातार पैदल गश्त की। इस दौरान बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी गई और व्यापारियों तथा आम नागरिकों से संवाद कर सतर्क रहने की अपील की गई।

पुलिस अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में लगातार गश्त करने और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और सुरक्षित वातावरण में मनाएं। अवैध पटाखों का भंडारण या बिक्री न करें, सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी प्रकार के हुड़दंग से दूर रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह कायम रखी जा सके।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)